MUMBAI TARANG

संपादक : दिलीप नानजीभाई पटेल ❖ उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा ❖ वर्ष-03 ❖ अंक-20 ❖ मुंबई ❖ रविवार 08 से 14 मई 2022 ❖ पृष्ठ-8 ₹4/-

RNI No. MAHHIN/2020/78591
Postal Reg. No. MNW/354/2020-2022

# मुंबई तरंग



www.mumbaitarang.com

पेज 3

लाउडस्पीकर पर राज ठाकरे के साथ शिवसैनिक!



पेज 5

तमिलनाडु : बस में सवार हुए मुख्यमंत्री स्टालिन, सत्ता में एक साल पूरा होने पर जानी सरकार के बारे में लोगों की राय



पेज 7

ध्वनि भानुशाली हिट्स
म्यूजिक के नए सिंगल डायनामाइट के साथ
बनीं सुपरगर्ल



पेज 8

आरपीएफ ने "ऑपरेशन सतर्क" के तहत किए अच्छे कार्य

## एक नजर

### घोषित बदमाश धरा गया

**नई दिल्ली।** नॉर्थ जिला के सदर बाजार थाना पुलिस ने लूट व झपटमारी के अलावा चोरी जैसी 50 वारदात में लिप्त घोषित बदमाश को धर दबोचा है। आरोपी की शिनाख्त राहुल उर्फ विक्की निवासी मुल्तानी ढेडा पहाडगंज के रूप में हुई है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी राहुल लूट व डकैती के अलावा चोरी के 50 वारदात में लिप्त रहा है। आरोपी ने सदर बाजार इलाके में एक शख्स का मोबाइल लूट कर फरार हो गया था जिसके बाद पुलिस ने पीडित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया।

### दो वाहन चोर बंदी

**नई दिल्ली** । नॉर्थ ईस्ट जिला के स्पेशल स्टाफ ने वाहन चोरी की कई वारदात को अंजाम देने वाले दो कुख्यात वाहन चोरों को योति नगर स्थित पिकनिंक पार्क के पास से धर दबोचा है। आरोपी की शिनाख्त सुमित नागर, राजा के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से वाहन चोरी के चार वाहन बरामद किए हैं। जांच में पता चला है कि सुमित पर पहले से एनडीपीएस एक्ट, हत्या के प्रयास व रंगदारी के पांच मामले दर्ज है। वह भजनपुरा थाने का घोषित बदमाश है। वही जबकि राजा पर झपटमारी के तीन मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद वाहन चोरी के चार मामलो को सुलझा लिया है।

### 'यूपी के थानों में भी महिलाएं नहीं सुरक्षित'

**हापुड़।** भारतीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गिरि ने उप्र के जनपद ललितपुर के पाली थाने में पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की से गिए गए गैंगरेप की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि उक्त घटना से पता चलता है कि उत्तर प्रदेश के पुलिस थानों में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने सीएम योगी से मांग की कि घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, मधु शर्मा, रामानंद शर्मा, गुड्डू शुक्ला, सुनीता अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### रहस्यमय हालात में किशोर गायब

**मुरादनगर।** किशोर रहस्यमय हालात में गायब हो गया। गांव खिमावती निवासी सुभाष त्यागी का पुत्र ईशांत उर्फ ईशु (14) शाम करीब 8:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। परिजनों ने संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि उसकी गुमशुदगी पुलिस में दर्ज करा दी गई है।

### रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

**मुरादनगर।** थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गंगनहर स्थित रेलवे के लोहे के पुल के निकट रेलवे लाइन पर युवक का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान अनुराग पायल (32) पुत्र तिलक राम निवासी प्रीत विहार मुरादनगर के रूप में हुई। वह बस स्टैंड के निकट मेडिकल स्टोर चलाता था। परिवारिक सूत्रों के अनुसार मृतक की चार छोटी बेटियां तथा एक बेटा है।

## मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का तीखा तंज

# निजीकरण की बढ़ने लगी है खुजली, कहां-कहां खुजाओगे?

मुंबई । निजीकरण की खुजली बढ़ने लगी है। कहां-कहां खुजाएंगे और क्या-क्या निजी बनाएंगे? इसका कोई अनुमान है, ऐसा तीखा तंज कसते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए निजीकरण की जमकर खबर ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजीकरण की बीमारी बढ़ने लगी है। आए दिन नई-नई चुनौतियां और दृश्य देखने को मिल रहे हैं। आज जो दृश्य देखने को मिल रहा है, उसमें निजीकरण एक बड़ी समस्या के रूप में उभरा है। आज एलआईसी भी निजीकरण की राह पर चल चुकी है। वे 'भारतीय बीमा कर्मचारी सेना महासंघ' के रजत जयंती



समारोह में बोल रहे थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि 'जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी' यह बीमा क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी एलआईसी का विज्ञापन है, इसी प्रकार हमारी शिवसेना में भी सबसे पहले विश्वास जरूरी है। हर कदम पर हम आपके साथ हैं, कितना भी संकट आए, हम आपके साथ रहेंगे। जीवन में हर मुकाम पर आपकी शिवसेना आपके साथ है, यह विश्वास देशभर में पहुंचना चाहिए।

**मैं जहां जाऊंगा, वहां मेरा पक्ष एक नंबर का होगा**

२५ वर्ष पहले हमने कभी यह विचार नहीं किया था कि हमारी यूनियन एक नंबर की यूनियन होगी और तब मैं मुख्यमंत्री रहूंगा। मुख्यमंत्री होना यह मेरा कभी भी सपना नहीं था। मेरी पार्टी शिवसेना का मुख्यमंत्री बनना मेरा सपना था और यह सपना कायम रहेगा। यदि सपना नहीं होगा, तो आप नहीं रह सकते। मैं जहां भी जाऊंगा, वहां मेरी पार्टी नंबर एक पार्टी होनी चाहिए, ऐसा मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा।

गंदी दिशा में जा रही है देश की राजनीति

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि देश के शत्रु बगल में ही हैं। पार्टी के शत्रु कौन हैं, उनका सफाया करो। इस समय देश की राजनीति गंदी दिशा की तरफ बढ़ रही है।

**१४ तारीख को दूसरा पहलू लोगों के सामने लाएंगे**

कोरोना के बाद धीरे-धीरे कार्यक्रम शुरू हो रहा है। मैं १४ तारीख को जनसभा कर रहा हूं। क्योंकि कब तक इनका सुना जाए, एक ही सवाल जवाब बार-बार करते हैं।

## मनपा की रिकॉर्डतोड़ खुदाई!...
## 14 महीने में 3.6 किमी सुरंग बनाई



मुंबई, चेंबूर, मानखुर्द, ट्रॉम्बे और कुर्ला के क्षेत्रों में पानी की समस्या को समाप्त करने के लिए मनपा ने अमर महल से चेंबूर, ट्रॉम्बे, आरसीएफ कॉलोनी तक ३.६ किमी लंबी सुरंग की खुदाई रिकॉर्ड समय में की है। अमर महल से बीएआरसी तक कुल ५ किमी भूमिगत पाइपलाइन बिछाने की इस योजना के पहले चरण में अमर महल से ट्रॉम्बे लोअर जलाशय तक कुल ३.६ किमी लंबी सुरंग खोदने का काम मनपा ने पूरा किया है। यह काम मात्र १४ महीने में पूरा किया गया है। मनपा प्रशासन को विश्वास है कि यह परियोजना अक्टूबर २०२४ तक पूरी हो जाएगी। इस परियोजना का लगभग ५५ प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

अमर महल स्थित हेडगेवार उद्यान और आरसीएफ कॉलोनी के ट्रॉम्बे लोअर जलाशय के बीच ३.६ किमी की सुरंग बनकर तैयार हो गई है। मनपा ने टीबीएम मशीन से इस सुरंग की खुदाई की है। इसके लिए दो स्थानों पर ८१ से १०५ मीटर गहराई पर दो कुएं बनाकर टीबीएम मशीन को जमीन के नीचे उतारा गया था। पिछले १४ महीने में रोजाना लगभग ४० फुट लंबी सुरंग की खुदाई की गई। अगले चरण में यह सुरंग बीएआरसी के पास तक बनाई जाएगी।

# झटपट लोन का झटका!

## लीक हो रहा है मोबाइल डेटा

मुंबई, झटपट लोन के झांसे में आकर कर्ज लेनेवालों को झटका दिए जाने का मामला सामने आया है। कर्ज की किश्त भरने में देरी होने पर मोबाइल डेटा लीक कर मॉर्फ अश्लील फोटो वायरल किया गया है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में दो मामले दर्ज किए हैं।

बांद्रा के नर्गिस नगर में रहनेवाले पीड़ित युवक को पिछले महीने पैसे की जरूरत थी। युवक के अनुसार उसने इंस्टा लोन के लिए आवेदन किया। २३ अप्रैल को लोन मिलने के बाद उसे ३० अप्रैल को कर्ज की किश्त जमा करनी थी। उससे पहले २९ अप्रैल को पीड़ित के नंबर पर फोन आया और फोन करनेवाले ने धमकी देते हुए कहा था कि पैसा जमा नहीं करने पर फोटो वायरल कर देंगे। लेकिन युवक का वेतन २ मई को आने के कारण पैसे जमा करने में देरी हो गई। इस दौरान मंगलवार को पीड़ित के संपर्क के पांच लोगों के नंबर पर उसका अश्लील फोटो भेजा गया, जिसमें कई भद्दे कमेंट्स भी किए गए थे। इस मामले में पीड़ित ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। दूसरी घटना खार पुलिस स्टेशन की है। पीड़ित द्वारा किश्त जमा करने में देरी किए जाने पर उसके मोबाइल से डेटा हासिल कर सभी नंबरों पर अश्लील फोटो भेजी गई है। इन दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



किश्त भरने के लिए बनाते हैं दबाव

सूत्रों की मानें तो इंस्टा लोन देनेवाली कंपनियां कर्ज लेते समय नागरिकों से डेटा एक्सेस करने की अनुमति लेती हैं। ग्राहकों से डेटा एक्सेस के बाद वे मोबाइल का डेटा अपने पास रख लेती हैं। उस डेटा का इस्तेमाल वे दो तरीकों से करती हैं। सबसे पहले एक्सेस किए गए उन सभी नंबरों पर कंपनी की तरफ से कर्ज के लुभावने मैसेज भेजकर ग्राहकों को आकर्षित किया जाता है। इसके साथ ही कर्ज लेनेवाला जब किश्त जमा नहीं करता तो उससे संबंधित अश्लील फोटो और मैसेज भेजकर उसे बदनाम किया जाता है, जिसके कारण नागरिक परेशान होकर किश्त चुकाता है। इसके लिए इस तरह की इंस्टा लोन देनेवाली कंपनियों के झांसे में नहीं आने का आह्वान मुंबई पुलिस की तरफ से बार-बार किया जाता रहा है।

## राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की पांचवीं रिपोर्ट जारी....

# कंट्रोल में हिंदुस्थान की आबादी!



मुंबई । देश में करीब ६.३७ लाख घरों में किए गए सर्वेक्षण में पता चला है कि लोगों में गर्भ निरोधक के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, इससे हिंदुस्थान की आबादी कंट्रोल में आ गई है। देश में अब प्रति महिला को औसतन दो बच्चे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की पांचवीं रिपोर्ट में इस बारे में जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सर्वेक्षण में प्रति महिला को औसतन २.२ बच्चे थे। इसी तरह हिंदुस्थान में गर्भ निरोधक का उपयोग भी बढ़ा है। साल २०१५ में ५४ फीसदी गर्भ निरोधक उपायों का उपयोग होता था, जो अब बढ़कर ६७ फीसदी हो गया है।

**७० फीसदी महिलाएं गर्भवती होने के बाद जाती हैं क्लीनिक**

सर्वे में बताया गया है कि पहले ६० फीसदी महिलाएं गर्भवती होने के बाद पहले तीन महीनों में क्लीनिक जाती थीं। अब यह संख्या बढ़ गई है और ७० फीसदी महिलाएं क्लीनिक जाती हैं। वर्तमान में हिंदुस्थान में ८९ प्रतिशत प्रसूति अस्पताल में प्रसव हो रहा है, जो साल २०१५ की तुलना में १० प्रतिशत अधिक है।

**मोटापे का शिकार हो रही हैं महिलाएं**

देश में २०१५-१६ के सर्वेक्षण में २१ प्रतिशत महिलाएं मोटापे से ग्रस्त थीं, जबकि इस वर्ष के सर्वेक्षण में पाया गया कि २४ प्रतिशत महिलाएं मोटापे से ग्रस्त हैं। पुरुषों में यह आंकड़ा १९ फीसदी से बढ़कर २३ फीसदी हो गया है।

**सामाजिक स्थिति में हुआ सुधार**


सर्वे में सबसे खास बात यह सामने आई है कि देश में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है। शहर में ८१ प्रतिशत और ग्रामीण में ७७ प्रतिशत महिलाएं घरेलू महत्वपूर्ण निर्णयों पर अपने विचार व्यक्त करती हैं। ७९ फीसदी महिलाओं के पास बचत बैंक खाता है, जबकि ४ साल पहले ५३ फीसदी महिलाओं के पास ही अपना बैंक खाता था। इस समय देश में ७८ फीसदी लोगों को हाथ धोने की आदत है, जो चार साल पहले ६० फीसदी थी।

**ऐसे हुआ सर्वे**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के २८ राज्यों, ८ केंद्र शासित प्रदेशों और ७०७ जिलों में स्थित लगभग ६.३७ लाख घरों का सर्वेक्षण किया। इस सर्वे में हिंदुस्थान में १५ वर्ष से अधिक उम्र की आबादी में पोषण, स्वच्छता, शराब, तंबाकू का उपयोग, रक्तचाप, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई।

# मस्क के हाथ में ट्विटर: 250% बढ़ी कंपनी में नौकरी की मांग लेकिन पुराने कर्मचारी हैं नर्वस, आखिर क्यों

एलन मस्क के पास ट्विटर के आने के बाद ट्विटर में नौकरी की मांग 250 फीसदी तक बढ़ गई। यहां हैरान करने वाली बात यह है कि ट्विटर के टेकओवर के बाद लोग मस्क के साथ काम करना चाहते हैं, जबकि ट्विटर के पुराने कर्मचारी मस्क के आने से परेशान हैं। यहां तक कि ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल की नौकरी भी खतरे में बताई जा रही है। अब एलन मस्क ने एक रिपोर्ट का लिंक शेयर करते हुए ट्वीट किया है कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सभी मैनेजर को तकनीकी रूप से उत्कृष्ट होना चाहिए। मस्क ने लिखा कि सॉफ्टवेयर मैनेजरों को बहुत अच्छे सॉफ्टवेयर बनाने चाहिए, नहीं तो वे घुड़सवारों की फौज के ऐसे कप्तान कहलाएंगे जो खुद घोड़े की सवारी नहीं कर सकते।




बड़े बदलाव को लेकर पुराने कर्मचारी परेशान

एलन मस्क ट्विटर में क्या बदलाव करेंगे, इस बात की जानकारी किसी को नहीं है लेकिन संभावित बदलाव को लेकर सभी लोग चिंतित हैं और यह चिंता वाजिब भी है, क्योंकि एलन मस्क अपने हैरान करने वाले फैसले के लिए जाने जाते हैं। द हैरिस पोल के मुताबिक मस्क द्वारा ट्विटर के अधिग्रहण के बाद 59 फीसदी अमेरिकी खुश हैं, जबकि ट्विटर के मौजूदा कर्मचारियों को चिंता है कि मस्क कोई बड़ा नाटकीय बदलाव कंपनी में कर सकते हैं। बता दें कि कंपनी ने सोमवार को एक एसईसी फाइलिंग में अधिग्रहण को अपनी स्टाफिंग क्षमताओं के लिए संभावित खतरे के रूप में प्रस्तुत किया।

गुरुवार को जॉब इनसाइट्स प्लेटफॉर्म ग्लासडोर के एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री और डाटा वैज्ञानिक डैनियल झाओ ने ट्वीट किया कि 24 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच ट्विटर में नौकरी की रुचि में 263% का इजाफा देखा गया। फॉर्च्यून को दिए एक बयान में झाओ ने कहा कि कंपनी के लिए मस्क के ट्विटर टेकओवर के बाद औसत दैनिक जॉब सर्च में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

**हार्डवेयर के विस्तार पर रहेगा मस्क का ध्यान**

एलन मस्क हमेशा से धारा के विपरित चलने वाले शख्स रहे हैं। ट्विटर में नए बदलाव को लेकर कई तरह की खबरें चल रही हैं लेकिन अब एलन मस्क ने कुछ इशारे करने शुरू कर दिए हैं। एलन मस्क ने अपने एक ट्वीट में कहा है, 'अगर ट्विटर का अधिग्रहण पूरा हो जाता है तो कंपनी हार्डकोर सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, डिजाइन, इंफोसेक और सर्वर हार्डवेयर पर विशेष ध्यान देगी। मैं दृढ़ता से मानता हूं कि तकनीकी क्षेत्र में सभी प्रबंधकों को तकनीकी रूप से उत्कृष्ट होना चाहिए। सॉफ्टवेयर में प्रबंधकों को भी एक महान सॉफ्टवेयर डेवलपर होना चाहिए, नहीं तो वे घुड़सवारों की फौज के ऐसे कप्तान कहलाएंगे जो खुद घोड़े की सवारी नहीं कर सकते।!'

# मोदी के घर में भक्तों पर कहर... मंदिर में लाउडस्पीकर पर की आरती

अमदाबाद। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सत्ता हासिल करने के बाद से भाजपा के लोग पूरे देश में विरोधियों को हिंदुत्व और राष्ट्रविरोधी साबित करने के लिए अभियान चलाए हुए हैं। राममंदिर, अनुच्छेद-३७० और पुलवामा के नाम पर २०१९ का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अब हिजाब के नाम पर कर्नाटक में जातीय तनाव भड़काकर भाजपा ने यूपी सहित ४ राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की। अब मुंबई मनपा, गुजरात, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा २०२४ में होनेवाले लोकसभा चुनाव जीतने की तैयारी में भाजपा के लोग जुटे हैं। इसके लिए हलाल मांस, मस्जिदों के भोंगे एवं हनुमान चालीसा पाठ के जरिए पूरे देश में धार्मिक उन्माद बढ़वाने का उनका प्रयास चल रहा है। भाजपा के कथित हिंदुत्व के झांसे में फंसे लोगों को इसकी



कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है।

इसका उदाहरण मोदी के गुजरात में देखने को मिला। जहां लाउडस्पीकर लगाकर आरती करना एक ४२ वर्षीय व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हुआ। कथित हिंदुत्ववादी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर में यानी गुजरात में लाउडस्पीकर लगाकर आरती करनेवाले उक्त भक्त पर उसी के रिश्तेदारों का गुस्सा कहर बनकर टूटा। गंभीर बात ये है कि एक महीने में ऐसी ही वजहों से हत्या का ये दूसरा मामला है।

बता दें कि विगत कुछ वर्षों में भाजपा के लोग खुद को हिंदुत्ववादी और दूसरों को हिंदुत्व विरोधी साबित करने की हर संभव कोशिश करते रहे हैं। अब भाजपा के लोग देशवासियों को मस्जिदों पर लगे भोंगे बनाम हनुमान चालीसा विवाद में भड़काकर बांटने का प्रयास कर रहे हैं।

# पार्टी नहीं, पदयात्रा



चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर पहले भी जेडीयू के साथ सीधी राजनीति कर चुके हैं। आने वाले वक्त में भी वह राजनीति करना चाहते हैं, जिसकी शुरुआत बिहार से हो सकती है। यूं तो प्रशांत किशोर ने गुरुवार को कहा कि वह कोई नया राजनीतिक दल नहीं बनाने जा रहे। उन्होंने गांधी जयंती से चंपारण से बिहार की तीन हजार किलोमीटर की यात्रा करने की जानकारी दी। यह भी बताया गया कि प्रशांत किशोर और उनकी टीम ने बिहार में करीब 17-18 हजार लोगों की पहचान की है। उनसे अगस्त-सितंबर तक मिलकर मुद्दे जाने जाएंगे। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि लोग अगर चाहेंगे तो नई पार्टी बनेगी, लेकिन यह उनकी नहीं बल्कि लोगों की पार्टी होगी। कुछ दिनों पहले तक उनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा थी, जो अंजाम तक नहीं पहुंच पाई। उसके बाद उन्होंने बिहार में पदयात्रा शुरू करने का कदम उठाया है। प्रशांत किशोर ने अपनी आगे की रणनीति को लेकर जो कुछ भी कहा है, उससे एक बात तो




साफ है कि वह राजनीति में अपने बलबूते पर कुछ करके दिखाना चाहते हैं। लेकिन उनका जो पिछला ट्रैक रेकॉर्ड है, वह दिखाता है कि भले ही प्रशांत किशोर ने राजनीतिक पार्टियों की चुनाव कैंपेनिंग को परवान चढ़ाया हो, लेकिन राजनीति में उन्होंने अब तक जो कुछ भी कहा या किया है, उसे वह किसी छोर पर नहीं ले जा पाए हैं।

दो साल पहले जब वह जेडीयू से निकाले गए थे, तब भी उन्होंने 'बात बिहार की' नाम से अभियान शुरू किया था। मगर वह किसी सिरे नहीं चढ़ा और बाद में प्रशांत किशोर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का चुनाव मैनेज करने चले गए। दूसरे, बिहार की राजनीति में कोई कितना भी विकास की बात कर ले, असलियत में चुनाव जातियों के मैदान पर लड़े और जीते गए हैं। प्रशांत किशोर ब्राह्मण हैं, मगर बिहार के कुल 5 फीसदी ब्राह्मण पहले ही बीजेपी के साथ हैं। रही बात बाकी जातियों और वैचारिक समूहों की तो लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार से लेकर जीतन राम मांझी तक ने बिहार की राजनीति में जातीय और सामाजिक न्याय को लेकर अपना आधार बनाया है। प्रशांत किशोर का ऐसा कोई बैकग्राउंड नहीं है। इन परिस्थितियों में यह जानना दिलचस्प होगा कि अगर वह बिहार की राजनीति में उतरते हैं तो किस तरह से आधार बना पाएंगे। वह राज्य के लोगों के सामने कौन सा मॉडल पेश करेंगे? पिछले विधानसभा चुनाव में बिहार में वोटर एनडीए और आरजेडी खेमे के बीच बंटे हुए नजर आए। इन दो मजबूत खेमों के बीच क्या कोई नया राजनीतिक दल आसानी से जगह बना पाएगा? आज बिहार में जिस तरह के राजनीतिक हालात हैं, उन्हें देखते हुए तो यह मुश्किल ही लगता है।

# LIC IPO: फिजूल का विवाद



किरीट ए. चावड़ा

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एलआईसी) के आईपीओ पर कांग्रेस फिजूल का विवाद खड़ा कर रही है। उसने आरोप लगाया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कम वैल्यूएशन पर पब्लिक सेक्टर कंपनी का आईपीओ ला रही है। कांग्रेस ने कहा है कि आईपीओ की कीमत तय करने में हाई रिटर्न ऑन इक्विटी, ग्रोथ रेट, नेट प्रीमियम और मार्केट शेयर जैसे मानकों की अनदेखी हुई है। कांग्रेस का यह आरोप भी है कि आईपीओ की टाइमिंग सही नहीं है। यह ऐसे वक्त में आ रहा है, जब यूक्रेन युद्ध की वजह से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजार में उथलपुथल मची है। फरवरी 2022 में कंपनी का वैल्यूएशन 12-14 लाख करोड़ रुपये लगाया गया था, जो अब घटकर 6 लाख करोड़ रुपये रह गया है। उस वक्त आईपीओ का प्रॉस्पेक्टस दाखिल करते वक्त कंपनी का विनिवेश एंबेडेड वैल्यू (ईवी) के 2.5 गुना पर करने का लक्ष्य था, लेकिन अब यह 1.1 गुना रह गया है। कांग्रेस का कहना है कि प्राइवेट सेक्टर की एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के शेयरों में 3.9 गुना ईवी और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल में 2.5 गुना ईवी पर ट्रेड हो रहा है। कांग्रेस के इन आरोपों में कितना दम है? जहां तक आईपीओ की




टाइमिंग का सवाल है, पिछली बार सरकार ने मार्केट की उथलपुथल की वजह से ही इसे टाला था। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव आम बात है। इसलिए सिर्फ इस वजह से आईपीओ को बार-बार नहीं टाला जा सकता। यूं भी ग्लोबल मार्केट पर युद्ध का जितना असर पड़ना था, वह पड़ चुका है। कांग्रेस का दूसरा आरोप वैल्यूएशन को लेकर है। उसने एलआईसी की तुलना इस मामले में निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों से की है। इस मामले में यह बात समझनी होगी कि निजी क्षेत्र की कंपनियों की ग्रोथ एलआईसी तुलना में कहीं अधिक है। वित्त वर्ष 2019-2021 के बीच एचडीएफसी लाइफ का न्यू बिजनेस प्रीमियम 22 फीसदी बढ़ा, जबकि एलआईसी का 13.5 फीसदी। शेयर बाजार में उसी कंपनी को अधिक वैल्यूएशन मिलता है, जिसकी ग्रोथ तेज होती है। इंश्योरेंस कंपनियों के वैल्यूएशन का एक और मानक नए बिजनेस की वैल्यू है। इस लिहाज से देखें तो एलआईसी का आईपीओ कुछ महंगा दिख रहा है। इस मामले में प्राइवेट सेक्टर की लिस्टेड इंश्योरेंस कंपनियां बेहतर हैं। कांग्रेस ने एक और मुद्दा साइज का उठाया है। यह बात सही है कि एलआईसी का मार्केट में दबदबा है, लेकिन उससे बड़ी बात यह है कि इसमें लगातार कमी आ रही है। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियां उसके बाजार में सेंध लगा रही हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। यह बात भी पब्लिक सेक्टर की कंपनी के हक में नहीं जाती। इसलिए कांग्रेस कुल मिलाकर एलआईसी के आईपीओ पर राजनीति कर रही है, जो ठीक नहीं है।

# मिशन 2024: क्या दक्षिण भारत में झंडा गाड़ पाएगी बीजेपी



गणेश पाण्डेय

उत्तर भारत में लगभग सब जगह अपनी मजबूत पकड़ बना चुकी बीजेपी की निगाहें पिछले काफी समय से दक्षिण भारत पर टिकी हैं। बीजेपी के मिशन 2024 के लिए दक्षिण भारत काफी अहम है। दक्षिण भारत के पांच राज्यों आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक से कुल मिलाकर लोकसभा की 129 सीटें आती हैं। बीजेपी को अगर केंद्र की सत्ता में बने रहना है तो उसे दक्षिण भारत में अपनी सीटों की संख्या बढ़ाने पर फोकस करना होगा, जो बीजेपी कर भी रही है। केरल में लोकसभा की 20 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने केरल से 15 सीटें जीतीं। 2 सीट मुस्लिम लीग, 1 सीपीएम, 1 केसीएम और 1 आरएसपी को मिली। जब कांग्रेस सब जगह कमजोर थी, केरल में उसे अच्छी सीटें मिलीं। बीजेपी का मानना कि 2024 में यह स्थिति नहीं होगी, क्योंकि बीजेपी को अब वहां लोग विकल्प के तौर पर देखना शुरू कर रहे हैं।

वैसे तो केरल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काफी सालों से एक्टिव है, लेकिन बीजेपी को यहां सफलता नहीं मिल पाई। पिछली विधानसभा में केरल में बीजेपी की एक सीट थी, लेकिन इस विधानसभा में बीजेपी को एक भी सीट नहीं मिल पाई। केरल में लेफ्ट की मजबूत पकड़ है। मुकाबला लेफ्ट और कांग्रेस के बीच रहता है। लेकिन बीजेपी को उम्मीद है कि कांग्रेस जिस तरह हर जगह से खत्म होती जा रही है, उसी तरह केरल में भी आधार खो देगी। कुछ समय बाद बीजेपी ही लेफ्ट के सामने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बनेगी। बीजेपी का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले साल जी-20 समिट में जब पोप से मिले थे, तब क्रिश्चियन समुदाय में इसका अच्छा संदेश गया था। केरल में 20 पर्सेंट आबादी क्रिश्चन है। हाल ही में केरल में एक क्रिश्चन लड़की की मुस्लिम युवक से शादी का मामला उठा। इस पर बीजेपी ने कहा कि लव जिहाद का मसला सिर्फ हिंदू के लिए ही नहीं, क्रिश्चियन के लिए भी बड़ा इश्यू है। बीजेपी यहां क्रिश्चियन समुदाय में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही है।

कर्नाटक से तमिलनाडु तक

कर्नाटक में लोकसभा की 28 सीटें हैं जिनमें से पिछले चुनाव में बीजेपी ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। बीजेपी के लिए यहां अपने प्रदर्शन को बरकरार रखने की चुनौती है। कर्नाटक में अगले साल विधानसभा चुनाव भी हैं। बीजेपी के येदियुरप्पा यहां लिंगायत समुदाय के सबसे बड़े नेता हैं। बीजेपी ने कुछ महीने पहले उन्हें हटाकर यहां बसवराज बोम्मई को सीएम बनाया। हालांकि वह भी इसी समुदाय से आते हैं। यहां 17 पर्सेंट आबादी लिंगायत समुदाय की है। इसलिए बीजेपी येदियुरप्पा को नाराज नहीं करना चाहती। दूसरी ओर कर्नाटक में बीजेपी गुटबाजी से भी जूझ रही है, सरकार पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। बीजेपी को इस स्थिति से



निकलते हुए यहां अपनी इमेज सुधारनी होगी।

तमिलनाडु में 2021 विधानसभा चुनाव में एआईएडीएमके के साथ सीट शेयरिंग कर बीजेपी ने चार सीटें जीतीं। उसके बाद हुए लोकल बॉडी में बीजेपी ने उससे बेहतर प्रदर्शन किया। तमिलनाडु में बीजेपी का कैडर नहीं है और बीजेपी इसे तैयार करने की कोशिश में जुटी है। यहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में डीएमके की अगुआई में यूपीए ने 38 सीटें जीतीं। महज एक सीट एआईएडीएमके के खाते में आई। यहां बीजेपी ने एआईएडीएमके साथ गठबंधन किया था और पांच सीटों पर चुनाव लड़ी थी। बीजेपी के मिशन 2024 के लिए तमिलनाडु इसलिए अहम है क्योंकि यहां बीजेपी अभी जीरो ही है। उसके लिए तमिलनाडु चैलेंजिंग भी है क्योंकि बीजेपी को यहां उत्तर भारत की पार्टी के तौर पर देखा जाता है, साथ ही उसकी इमेज हिंदुत्ववादी पार्टी की है, जिसमें ज्यादातर ब्राह्मण हैं। साथ ही बीजेपी पर यह भी आरोप लगता रहता है कि वह सब पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। बीजेपी को तमिलनाडु में अगर अपनी जगह बनानी है तो उसे यहां के लोगों से इमोशनली कनेक्ट होना होगा और हिंदुत्ववादी पार्टी के साथ ही हिंदी थोपने की कोशिश वाली इमेज से बाहर निकलना होगा।

आंध्र और तेलंगाना का टेस्ट

तेलंगाना में लोकसभा की 17 सीटें हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने यहां चार सीटें जीतीं। 9 सीटें टीआरएस, 3 कांग्रेस और एक सीट एआईएमआईएम को मिली। बीजेपी यहां इस कोशिश में है कि वह टीआरएस के विकल्प के तौर पर खुद को स्थापित कर पाए, और अभी जो जगह कांग्रेस ने ली है उस पर खुद आ सके। तेलंगाना से बीजेपी इसलिए भी उम्मीद कर रही है कि वह दो सीटों पर उपचुनाव जीती है। तेलंगाना में करीब 50 पर्सेंट ओबीसी हैं। लेकिन सत्ता में ज्यादातर अपर कास्ट को प्रतिनिधित्व मिल रहा है। बीजेपी यहां ओबीसी लीडरशिप को आगे कर रही है। मौजूदा सीएम केसीआर खुद अपर कास्ट से हैं। वह जिस वेलामा कम्युनिटी से आते हैं उसकी आबादी तेलंगाना में करीब 2 पर्सेंट है। यहां दूसरी पावरफुल कम्युनिटी रेड्डी है जो कांग्रेस के साथ मानी जाती है। अगले साल तेलंगाना में भी विधानसभा चुनाव हैं। यह चुनाव 2024 के लिए बीजेपी की तैयारियां का लिटमस टेस्ट हो सकता है। दशकों तक कांग्रेस का गढ़ रहे आंध्र प्रदेश में बीजेपी को टीडीपी और वाईएसआरसीपी दोनों से मुकाबला करना है। जब टीडीपी बनी तो उसने कांग्रेस को चुनौती दी थी और जब वाईएसआरसीपी बनी तो कांग्रेस की जगह बहुत सिमट गई। कांग्रेस को यहां सभी कास्ट की पार्टी माना जाता है लेकिन रेड्डी का दबदबा ज्यादा है। जब एनटी रामाराव की स्टार अपील के साथ टीडीपी सत्ता में आई तब उन्होंने भी सोशल इंजीनियरिंग की। टीडीपी में कम्मा समुदाय के लोगों का दबदबा ज्यादा है और कांग्रेस की तरह ही वाईएसआरसीपी में रेड्डी का दबदबा है। 2014 में जब आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अलग हुए तब कांग्रेस के खिलाफ माहौल बना। लेकिन फिर स्पेशल स्टेट्स के मसले पर बीजेपी के खिलाफ भी लोगों की नाराजगी दिखी। 2019 में बीजेपी का आंध्र प्रदेश में बहुत खराब प्रदर्शन रहा। हालांकि बीजेपी मान रही है कि 2019 के बाद यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इमेज सुधरी है। कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने और फिर कोरोना मैनेजमेंट की वजह से इमेज मजबूत हुई। बीजेपी यहां लोगों को बता रही है कि जिस तरह टीडीपी करप्ट थी उसी तरह यह वाईएसआरसीपी भी करप्ट है, बस दोनों का स्टाइल ऑफ करप्शन अलग है। अभी वाईएसआरसीपी सत्ता में है तो जाहिर तौर पर सीधा निशाना वही है। बीजेपी यहां चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने इसमें से 22 सीटें जीत लीं। तीन सीटें टीडीपी को मिल पाईं।

# सिस्टम ऐसा हो जो अपराध होने ही न दे



भूपेन्द्र पटेल

हाल ही में लाए गए आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2020 को लेकर गहन बहस चल रही है। जो लोग इस कदम का विरोध कर रहे हैं, उनका कहना है कि यह आक्रामक है और व्यक्ति की निजता के खिलाफ है। इस विषय पर अपने विचार रखने से पहले मैं एक महत्वपूर्ण बात दोहराना चाहता हूं, जो एक डॉक्टर ने रोगी का इलाज करते समय कही थी, 'दवा की सही शक्ति ही नहीं, हमें यह भी देखना होगा कि यह औषधि जिस शरीर में जा रही है उसकी क्या स्थिति है।' समय के साथ हमने यह महसूस किया है कि अपने यहां की वकालत आधारित प्रणाली में गरीब और आम आदमी के लिए न्याय पाना दूभर हो जाता है। वास्तविक अपराधी 'सबूत' की कमी के आधार पर ज्यादातर मुक्त हो जाते हैं।

डेटाबेस की अहमियत

यह अपने आप में लंबे समय से बहस का विषय रहा है कि केवल प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर निर्णय होने चाहिए या जज द्वारा स्वयं भी छानबीन की जानी चाहिए। कुछ विशेष कानून भी समय-समय पर आरोपी के प्रथम-दृष्टया दोषी होने की मान्यता के आधार पर पारित किए गए हैं। आजकल साइबर प्लैटफॉर्म और टेक्नॉलजी का जोर काफी बढ़ गया है। ऐसे में स्वाभाविक ही कानूनी जांच के दायरे में आने वालों के तकनीकी डेटाबेस और मनो-वैज्ञानिक पहलू महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

यदि विज्ञान और तकनीक से सचाई का पता लगाने और अकाट्य सबूत जुटाने में मदद मिलती है तो कानून का शासन स्थापित करने के लिए ये मदद क्यों नहीं लेनी चाहिए? दोषियों को सजा दिलाने और यहां तक कि संभावित अपराधों को समय रहते रोक देने के लिए कानून व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को शक्तियां देने से परहेज क्यों?

वैसे भी न्याय प्रणाली में सुधार के प्रयास लगातार होते रहे हैं। विधि आयोग ने समय-समय पर अपनी रिपोर्टों में विभिन्न आपराधिक कानूनों में संशोधनों की सिफारिश की, जिनमें गाड़ी चलाने में हुई असावधानी जैसे कुछ अपराधों को क्षम्य बनाने, गलत तरीके से गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के लिए उपयुक्त मुआवजे से लेकर त्वरित न्याय तक की व्यवस्था करने जैसी संस्तुतियां शामिल रही हैं। विधि आयोग के अलावा, विभिन्न कमेटियों जैसे बेजबरुआ समिति, विश्वनाथन समिति, मालिमत समिति, माधव-मेनन समिति आदि ने भी आपराधिक कानूनों में धारा-विशिष्ट संशोधनों और आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार की सिफारिशें की हैं। गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने तो अपनी 146वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली की व्यापक समीक्षा की आवश्यकता है।

अदालतों में अभी भी बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, दोषसिद्धि की दर भी कम है, कानूनों द्वारा लगाए गए जुर्माने की राशि नगण्य है, कानूनी जटिल प्रकृति के कारण न्याय देने में लगातार देरी होती रही है। यह महसूस किया जाता रहा है कि प्रचलित प्रणाली गरीबों की न्याय तक आसान पहुंच को बाधित करती है। कानूनी प्रणाली में डिजिटल साधनों के अपर्याप्त उपयोग के अलावा फरेंसिक साक्ष्य का भी अभाव है। साथ ही साक्ष्य नियम तकनीकी विकास के अनुरूप नहीं हैं। इन सभी कठोर और दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकताओं ने आम आदमी की परेशानी को और बढ़ा दिया है।

सभी नागरिकों, विशेष रूप से समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करना किसी भी जिम्मेदार सरकार का मुख्य दायित्व होना चाहिए। विचाराधीन वर्तमान विधेयक इस प्रक्रिया की शुरुआत है जो एक सहभागी और एक परामर्शी दृष्टिकोण पर आधारित है। गृहमंत्री ने राज्यों के प्रमुखों के साथ-साथ संघीय सरकार के सुझावों के बाद विभिन्न न्यायिक संस्थानों के प्रमुखों और कानूनी चिकित्सकों के सुझाव मांगकर इस प्रक्रिया को शुरू किया। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में एक समिति ने देश भर के विशेषज्ञों, अनुसंधान केंद्रों, शिक्षाविदों, वकीलों और नागरिक समाज के सदस्यों से भी सुझाव आमंत्रित किए। बाद में संसद सदस्यों के सुझाव भी मांगे गए। एनएलयू समिति ने इस वर्ष फरवरी के अंतिम सप्ताह में अपनी अनुशंसा रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रोटोकॉल के अनुसार प्रस्तावित महत्वपूर्ण विधेयकों को विधायी अनुमोदन प्राप्त करने से पहले उचित प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा ही जाता है। बाद में संसद द्वारा नामित समितियां भी इसे सख्ती से जांचेंगी। किंतु महत्वपूर्ण यह है कि हमें एक ऐसी प्रणाली लाने के लिए सामूहिक रूप से प्रतिक्रिया देनी चाहिए जो वास्तव में काम करे। इसी तरह के मॉडल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों में मौजूद हैं।

मुठभेड़ या बंधे-बंधाए गवाहों का सहारा लेने वाली मौजूदा दोषपूर्ण व्यवस्था को चलाते रहने के बजाय आइए हम इसे तर्कसंगत तरीके से सशक्त बनाएं। लेकिन यह भी आवश्यक होगा कि सत्ता में आसीन अधिकारियों की जवाबदेही के साथ-साथ हम उनके दायित्वों को भी ध्यान में रखते हुए व्यवस्था को उचित रूप दें। वर्तमान में तकनीकी रूप से जुड़े वैश्विक अपराधियों द्वारा संचालित आतंकवादी मॉड्यूल, कट्टरपंथियों द्वारा आसान डिजिटल तरीकों से अवांछनीय प्रसार, नशीली दवाओं के साथ-साथ मानव तस्करी, ऑनलाइन शोषण, राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय गिरोहों या कुटिल व्यक्तियों से निपटने के लिए कुछ गंभीर और असाधारण उपाय करना समय की आवश्यकता है। एक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रणालीगत प्रावधानों की आवश्यकता है। लेकिन अमल के स्तर पर भी पेशेवर नजरिया और आवश्यक स्वायत्तता दोनों सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है।

# लाउडस्पीकर पर राज ठाकरे के साथ शिवसैनिक!

## उद्धव ठाकरे के लिए क्या खतरे की घंटी?



मुंबई:राज ठाकरे महाराष्ट्र की उद्धव सरकार के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। बुधवार को तो पूरी मुंबई में गहमागहमी रही। एक दिन पहले ही राज ठाकरे ने ऐलान किया था कि अब हर मस्जिद के सामने उससे दोगुनी हनुमान चालीसा बजाया जायेगा। इसके बाद प्रदेशभर में सैकड़ों महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के कार्यकर्ता हिरासत में ले लिए गये। इसके बाद शाम को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज ठाकरे ने कहा कि जब लाउडस्पीकर पर अजान होगी, हनुमान चालीसा का पाठ होता रहेगा। बड़ी बात तो यह है कि इस पूरी मुहिम को अब शिवसेना के लोगों का भी समर्थन मिल रहा। तो क्या ये उद्धव ठाकरे के लिए खतरे की घंटी है? बुधवार 4 मई को लाउडस्पीकर को लेकर पूरे महाराष्ट्र में हलचल रही। उधर राज ठाकरे की मस्जिदों में लाउडस्पीकर बजाने की धमकी के बाद महाराष्ट्र ने अपनी कानून-व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा है। राज्य के पुलिस प्रमुख रजनीश सेठ ने अधिकारियों को किसी भी गैरकानूनी घटना को रोकने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया। लेकिन महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख के खिलाफ मंगलवार को औरंगाबाद में दो दिन पहले दिए गए भाषण को लेकर दर्ज प्राथमिकी को बहुत हल्का बताया जा रहा। ये इशारा कर रहा कहीं न कही शिवसेना की ओर से भी रात को सह मिल रही।

### राज पर कठोर कार्रवाई क्यों नहीं?

राज ठाकरे पर आईपीसी की धारा 116, 117 और 143 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिन्हें बहुत हल्का बताया जा रहा। औरंगाबाद से एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज जलील ने कहा कि यह अजीब है (सांसद) नवनीत राणा और उनके (विधायक) पति रवि राणा को हनुमान चालीसा पढ़ने की योजना बनाने के लिए राजद्रोह के तहत गिरफ्तार किया गया था, जबकि राज पर इन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जहां वह हिंसा की बस धमकी दे रहे।

राज ठाकरे आज मस्जिदों से लाउडस्पीकरों को नीचे लाने और मुसलमानों को सड़कों पर नमाज़ पढ़ने से रोकने की मांग कर रहे हैं। कभी बाल ठाकरे भी यही मांग कर रहे थे। शायदी इसीलिए कहीं न कहीं शिवसैनिक राज के समर्थन में दिख रहे। मुंबई में एक पूर्व शाखा प्रमुख ने कहा कि हम असहमत कैसे हो सकते हैं? बालासाहेब की यही स्थिति रही है। हमें राज के बजाय इस मुद्दे को उठाना चाहिए था। शिवसेना के कुछ पदाधिकारियों ने दावा किया कि राज ठाकरे के इस कदम के 99% शिवसैनिक समर्थन कर रहे हैं। राज ठाकरे ने बुधवार को बाल ठाकरे एक पुराना वीडियो शेयर किया था जिसमें वे लाउडस्पीकर को लेकर बोल रहे हैं।

# महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर पर पॉलिटिक्स जारी

## मुंबई की 26 मस्जिदों में बिना लाउडस्पीकर हुई सुबह की अजान, अजित पवार बोले-सभी को करना होगा कानून का पालन

### लाउडस्पीकर का शोर हुआ कम, पॉलिटिक्स हुई तेज



महाराष्ट्र निर्माण सेना का लाउडस्पीकर पर अजान के दौरान हनुमान चालीसा बजाने का स्टैंड अभी भी जारी है। इस बीच मुंबई में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने एक बड़ी पहल करते हुए यह फैसला किया है कि मस्जिदों में सुबह के वक्त लाउडस्पीकर से अजान नहीं दी जाएगी। इस फैसले पर 26 छोटी-बड़ी मस्जिदों ने अपनी सहमति जताई है। गुरुवार सुबह मदनपुरा की सुन्नी बड़ी मस्जिद में बिना लाउडस्पीकर के सुबह की अजान हुई है। इस फैसले पर सहमति जताने वाली मस्जिदों की ओर से कहा गया है कि मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर से कोई भी अनाउंसमेंट रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक नहीं होगा। दिन में भी पुलिस द्वारा तय डेसिबल पर अजान की जाएगी। वहीं, राज्य के डिप्टी CM अजित पवार ने कहा कि अभी राज्य में माहौल गर्म है और किसी को भी 'अल्टीमेटम' जैसे शब्द नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई राजनीतिक पार्टी सरकार को अल्टीमेटम देने का काम न करें। सरकारें अल्टीमेटम से नहीं कानून से चलती हैं। अजित पवार ने कहा- कानून सबके लिए समान है, कानून का पालन सभी को करना है। गृह विभाग ने पुलिस को निर्देश दिया है कि राज्य में तनाव पैदा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने में सरकार और पुलिस की मदद करने की अपील की ताकि राज्य में तनाव न हो।

साईं बाबा मंदिर में होने वाली आरती लाउडस्पीकर नहीं हो सकी: अजित पवार

अजित पवार ने आगे कहा कि, राज ठाकरे के आंदोलन की वजह से शिर्डी के साईं बाबा मंदिर में होने वाली 5 बजे के काकड आरती लाउडस्पीकर पर नहीं हो सकी जिस कारण कई भावी नाराज़ दिखे हैं। उन्होंने आगे कहा कि, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का आदर सभी धर्मों को करना होगा। आवाज की तय लिमिट में लाउडस्पीकर को इजाजत मिलेगी।

साथ ही कहा कि, बिना इजाज़त लाउडस्पीकर लगाने वालों पर कठोर कार्रवाई करेगी सरकार।

मुंबई 24 मंदिरों और 950 मस्जिदों को मिली मंजूरी मुंबई पुलिस ने बुधवार को कहा कि शहर के करीब 2,400 मंदिरों में से केवल 24 को ही लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति मिली है, जबकि कुल 1,140 मस्जिदों में से 950 मस्जिदों को अधिकारियों ने इसके इस्तेमाल की मंजूरी दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, महानगर के सिर्फ एक फीसदी मंदिरों ने अपने परिसरों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति ली हुई है। एमएनएस नेता के खिलाफ मामला दर्ज लाउडस्पीकर विवाद के बीच शिवाजी पार्क इलाके में महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे के घर के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई के दौरान एक महिला पुलिस कांस्टेबल के घायल होने के मामले में पुलिस ने बुधवार को मनसे नेता संदीप देशपांडे और संतोष धुरी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके अलावा अजान के दौरान तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने वाले शख्स पर भी FIR हुई है।

अधिकारी ने बताया, देशपांडे, धुरी और दो अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 353 (लोकसेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए आपराधिक बल का प्रयोग), 279 (असुरक्षित वाहन चलाकर दूसरों को खतरे में डालना), 336 (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) के तहत मध्य मुंबई के शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी.

### डेढ़ माह में तैयार हो जाएगा इम्पिरिकल डाटा

मुंबई। राज्य के खाद्य व आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा है कि ओबीसी समाज का इम्पिरिकल डाटा (अनुभवजन्य डाटा) डेढ़ माह के भीतर तैयार हो जाएगा। स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ हुई बैठक के बाद भुजबल ने पत्रकारों से कहा कि चुनाव की बाबत राज्य चुनाव आयोग फैसला लेगा। बगैर ओबीसी आरक्षण के लिए स्थानीय निकाय चुनाव कराने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लेकर राज्य सरकार जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर अगला कदम उठाएगी। इसको लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव जयंत कुमार बंठिया की अध्यक्षता वाला राज्य ओबीसी आयोग इम्पिरिकल डाटा संग्रह का काम समय पर पूरा कर लेगा।

### अमरावती: शिवसेना कार्यालय में राणा समर्थकों ने जमकर की तोड़फोड़, 5 गिरफ्तार


अमरावती। राणा दंपति की मुंबई सत्र न्यायालय से जमानत मंजूर होने के बाद उत्साहित हुए स्वाभिमान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार रात शिवसेना कार्यालय पर हमला किया। वहां कुर्सियों को फेंका गया, साथ ही तोड़फोड़ की गई। इस मामले की शिकायत राजापेठ थाने में दर्ज होते ही पुलिस ने पांच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री उध्दव ठाकरे के मातोश्री निवास स्थान के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने के कारण निर्माण हुई तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मुंबई पुलिस ने सांसद नवनीत राणा व विधायक रवि राणा को 23 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया था।

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा ने रची मनसुख हिरेन मर्डर की साजिश

मुंबई: नैशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने बॉम्बे हाई कोर्ट में दावा किया है कि पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा ठाणे के कारोबारी मनसुख हिरेन की हत्या के मामले में मुख्य साजिशकर्ता हैं। प्रदीप शर्मा की गिनती मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट में होती रही है। हिरेन को उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार को आतंकित करने की बड़ी साजिश में कमजोर कड़ी माना गया था। एनआईए ने अदालत में दाखिल एक हलफनामे में कहा कि शर्मा ने मामले में अन्य आरोपियों के साथ पुलिस आयुक्त के कार्यालय परिसर में कई बैठक की, जहां कथित साजिश रची गई। एनआईए का दावा है कि बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने हिरेन की हत्या कराने के लिए शर्मा को 45 लाख रुपये दिए थे।

पांच मार्च 2021 को मृत मिले थे मनसुख हिरेन

शर्मा की जमानत याचिका का विरोध करते हुए एनआईए ने कहा कि वह बेगुनाह नहीं हैं और उन्होंने आपराधिक षड्यंत्र, हत्या और आतंकी कृत्य जैसे अपराध किए। न्यायमूर्ति ए एस चांदुरकर और न्यायमूर्ति जीए सनप की खंडपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख तय की। मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास 'एंटीलिया' के पास 25 फरवरी, 2021 को एक एसयूवी गाड़ी लावारिस मिली थी, जिसमें विस्फोटक था। गाड़ी के मालिक मनसुख हिरेन थे जो पिछले साल पांच मार्च को ठाणे के एक दर्रे में मृत मिले थे। गिरोह का हिस्सा थे प्रदीप शर्मा एनआईए ने अपने हलफनामे में कहा कि प्रदीप शर्मा उस गिरोह के



सक्रिय सदस्य थे जिसने अंबानी परिवार समेत लोगों को आतंकित करने की साजिश रची। एनआईए के मुताबिक प्रदीप शर्मा ने मनसुख हिरेन की हत्या कर दी क्योंकि वह साजिश में कमजोर कड़ी थे। एजेंसी ने दावा किया कि हिरेन को पूरी साजिश (गाड़ी एंटीलिया के बाहर खड़ी करने से जुड़ी) की जानकारी थी और आरोपियों (शर्मा और वाजे) को डर था कि हिरेन कहीं राज ना उगल दें, जिससे वे मुसीबत में पड़ सकते हैं। पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट शर्मा को एनआईए ने 17 जून, 2021 को गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। एनआईए ने अपने हलफनामे में कहा कि शर्मा और मामले के अन्य आरोपियों ने गैरकानूनी क्रियाकलाप रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत जघन्य और गंभीर अपराध को अंजाम दिया है। एनआईए ने कहा कि इकट्ठा किए गए सबूतों से बिल्कुल साफ है कि प्रदीप शर्मा अपराध में सीधे तौर पर शामिल थे। एनआईए के अनुसार, हिरेन ने गाड़ी को एंटीलिया के बाहर खड़ी करने की जिम्मेदारी अपने सिर लेने से मना कर दिया था इसलिए उनकी हत्या कर दी गई। एजेंसी ने कहा कि इस मामले में बड़ी साजिश में विस्फोटकों के साथ गाड़ी को

### सचिन वाजे ने दिए थे 45 लाख, NIA का दावा

एंटीलिया के बाहर खड़ी करना और अंबानी परिवार और स्थानीय लोगों को आतंकित करने के लिए 'जैश-उल-हिंद' के नाम पर धमकी भरे पत्र भेजना शामिल है। एनआईए ने कहा कि आरोपियों ने यह दिखाने की कोशिश की कि हिरेन ने आत्महत्या कर ली है।

### हाईकोर्ट : इस्तेमाल न हो सके कोविडरोधी टीके का मामले में केंद्र से मांगा जवाब

मुंबई। बांबे हाईकोर्ट ने इस्तेमाल न हो सके कोविडरोधी टीके के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए उससे जवाब मांगा है। इससे पहले सिरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया(एसआईआई) के वकील ने हाईकोर्ट को सूचित किया है कि उसके पास इस्तेमाल न हो सके 251 मिलियन कोविडरोधी टीके उपलब्ध है। इसलिए एसआईआई उपयोग न हो सके कोविडरोधी टीके को वापस नहीं लेगा। एसआईआई ने कोविशील्ड नामक कोविडरोधी टीका बनाया है।

### भाजपा ने साधा निशाना : शिवसेना नेता रहे हैं एंटीलिया मामले के दोनों आरोपी

मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर विस्फोटक भरी कार खड़ी करने और कारोबारी मनसुख हिरन की हत्या के मामले में गिरफ्तार पूर्व पुलिस अधिकारियों प्रदीप शर्मा और सचिन वाझे के साथ रिश्तों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा है। महाराष्ट्र भाजपा के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनआईए के हलफनामे से खुलासा हुआ है कि हिरन की हत्या की साजिश में शर्मा शामिल था और वाझे ने उसे 45 लाख रुपए की सुपारी दी थी। इसलिए विधानसभा में 'सचिन वाझे लादेन है क्या' कहकर उसका बचाव करने वाले मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

## 8000 मीटर से ऊंची पांच चोटियां फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं प्रियंका मोहिते



मुंबई, पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा की प्रियंका मोहिते बृहस्पतिवार को कंचनजंगा पर्वत की चढ़ाई करने के बाद 8,000 मीटर से अधिक ऊंची पांच चोटियों को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उनके भाई आकाश मोहिते ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रियंका (30) ने शाम 4.52 बजे दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा (8,586 मीटर) का अपना अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया।

# 2 हफ्ते में बीएमसी और निकाय चुनावों की तारीख का करें ऐलान

## महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट का झटका



मुंबई : सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार सभी निकायों के चुनाव की तारीख की घोषणा 2 हफ्ते में करने का आदेश दिया है। इसमें बीएमसी और अन्य निकाय चुनाव शामिल हैं। कोर्ट में महाराष्ट्र सरकार ने कहा था कि ओबीसी आरक्षण की मंजूरी के बाद ही चुनाव होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस बात की संवैधानिकता बाद में तय होगी। ओबीसी रिजर्वेशन पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने साफ किया कि बिना ट्रिपल टेस्ट के ओबीसी रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता है। यानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत अभी बिना ओबीसी रिजर्वेशन के ही स्थानीय निकाय के चुनाव होंगे।

3 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की उस रिपोर्ट को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें आयोग ने कहा था कि राज्य के निकाय चुनाव में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देना बहाल कर दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और राज्य चुनाव आयोग से कहा था कि वह आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई न करें। यह स्टडी और रिसर्च पर आधारित नहीं है। पिछले साल 15 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से कहा था कि वह महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय के चुनाव में 27 फीसदी सीटें जो ओबीसी के लिए रिजर्व की गई थीं, उन्हें जनरल कैटिगरी के लिए नोटिफाई किया जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ाया जा सके।

### 'नहीं की जा सकती देरी'

न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की तीन सदस्यीय न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, 'हम देखते और मानते हैं कि परिसीमन की प्रक्रिया को एक निरंतर कवायद होने के नाते, इन याचिकाओं के परिणाम के अधीन, महाराष्ट्र राज्य की ओर से जारी रखा जा सकता है, लेकिन यह इस तरह की कवायद पूरी होने के बाद ही भविष्य के चुनावों के लिए प्रासंगिक होगा।' पीठ ने कहा कि पांच साल की निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद स्थानीय निकाय (करीब 2,486) के चुनाव होने हैं, जिसमें और विलंब नहीं किया जा सकता।

### 27 पर्सेंट ओबीसी आरक्षण लेकिन यह शर्त

शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसी भी प्राधिकरण को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में की गई सिफारिश पर कार्रवाई करने की अनुमति देना संभव नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जा सकता बशर्ते कुल आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक नहीं होगा।

### क्या कहा था कमीशन ने

- 3 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र राज्य बैकवर्ड क्लास कमीशन की रिपोर्ट नहीं मानी थी
- कमीशन ने राज्य के लोकल बॉडी चुनाव में ओबीसी को 27% रिजर्वेशन बहाल करने को कहा था

सुप्रीम कोर्ट का क्या था निर्देश

- कमीशन की रिपोर्ट स्टडी और रिसर्च पर आधारित नहीं है
- इस रिपोर्ट पर राज्य और राज्य चुनाव आयोग कार्रवाई न करें

नाकामयाब रही सरकार : बीजेपी

ओबीसी आरक्षण के बिना स्थानीय निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी ने इसे राज्य की महाविकास आघाडी सरकार की नाकामयाबी बताया है। विधानसभा के नेता विपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'सरकार ढाई साल तक सोती रही। ओबीसी आरक्षण के लिए जरूरी ट्रिपल टेस्ट तक सरकार ने नहीं कराया।' उन्होंने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने उस कानून को रद्द नहीं किया है, जिसे ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव न कराए जाने के मकसद से विधानसभा में आम सहमति से पारित किया था। हमारी पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पूरा पढ़ने के बाद ही इस मामले में अपनी भूमिका तय करेगी।'

### फैसले पर करेंगे विचार: भुजबल

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सरकार की ओर से महाविकास आघाडी सरकार के मंत्री और ओबीसी समाज के बड़े नेता छगन भुजबल ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विचार करेगी। उसके बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस बारे में उचित फैसला लेंगे।'

## मुंबई में 10 मई को रद्द होंगी कई फ्लाइट

### मेंटेनेंस वर्क के चलते सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा एयरपोर्ट



मुंबई: छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट(CSMIA) के दोनों रनवे 10 मई को मेंटेनेंस वर्क की वजह से उपयोग नहीं किए जा सकेंगे। इस वजह से कई उड़ानों पर भी सीधा असर पड़ेगा। एयरपोर्ट की तरफ से जारी की गई प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एयरपोर्ट में आगामी मानसून को देखते हुए दोनों रनवे- RWY 14/32 और 09/27 का ऑपेरशन बंद रहेगा। दोनों रनवे पर मानसून संबंधी रिपेयर और मेंटेनेंस वर्क किया जाना है। रनवे को सुबह 11 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक बंद रखा जाएगा। इस संबंध में नोटम(NOTAM) भी जारी किया गया है। यात्रियों से भी अपील की गयी है कि वे 10 मई की फ्लाइट के बारे में संबंधित एयरलाइन से संपर्क कर लें।

#### हवा में उड़ रहे प्लेन में अफरा तफरी

स्पाइस जेट(SpiceJet) की मुंबई- दुर्गापुर फ्लाइट लैंडिंग के दौरान तेज हंगामे की वजह से तकरीबन 13 यात्री घायल हो गए। यह घटना रविवार की है। हालांकि बोइंग 737 विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई और घायलों को फौरी तौर पर चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध करवाई गई। जरूरत जरूरत पड़ने पर कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया। स्पाइस जेट के प्रवक्ता के मुताबिक, 'रविवार को स्पाइस जेट की मुंबई-दुर्गापुर फ्लाइट बोईंग 737 विमान संचालन उड़ान एसजी-945 को लैंडिंग के समय भारी अशांति का सामना करना पड़ा। जिसकी वजह से कुछ यात्रियों को चोटें भी आईं।

इस विमान को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित काजी नज़रुल इस्लाम एयरपोर्ट पर लैंड करना था। तभी अचानक मौसम खराब होने के कारण विमान को भारी तूफान का सामना करना पड़ा। जिसमें जिसकी वजह से केबिन में रखे सामान यात्रियों के ऊपर गिरने लगे। परिणाम स्वरूप 13 यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था।

#### स्पाइस जेट ने जताया खेद

विमान सेवा प्रदाता कंपनी स्पाइसजेट ने इस घटना को बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खेद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जख्मी हुए यात्रियों को कंपनी की तरफ से हर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# अपने लिए सही करियर कैसे चुनें?


हिरल शाह

करियर के कई विकल्प हैं और कभी-कभी हमें सब कुछ अच्छा लगता है। लेकिन शुरुआत तो कहीं से होनी चाहिए। प्रारंभ बिंदु तय करना बहुत भ्रमित करने वाला हो सकता है।

कुछ भी चुनने से पहले यह समझ लें कि हमें जो करना है उसका आनंद लेना चाहिए क्योंकि इससे सीखने के प्रति जुनून बढ़ेगा।

यह जानना बहुत जटिल नहीं है कि आपके लिए उपयुक्त करियर क्या है, यदि आपने व्यवस्थित रूप से आत्म मूल्यांकन की प्रक्रिया बहुत सरल और सटीक की है।

### अपने आप से कुछ सवाल पूछें

- आपने स्कूल और उसके बाद किन विषयों का अध्ययन करने का आनंद लिया है? क्यों? क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि आप उस व्यक्ति को पसंद करते हैं जो आपको पढ़ा रहा है, या उस विषय के बारे में कुछ ऐसा है

जिससे आप वास्तव में संबंधित हो सकते हैं?

- आपने किन विषयों में अच्छा किया है और क्यों?

- यदि आपको शब्दों, संख्याओं, दृश्यों और शारीरिक गतिविधियों में से कोई पसंदीदा चुनना हो, तो वह कौन सा होगा?

क्या आप खुद को ऐसी नौकरी में देख सकते हैं जहां आपकी शीर्ष पसंद हर दिन आपके द्वारा किए जाने वाले कार्यों का एक बड़ा हिस्सा हो?

### आकलन करें या किसी से सलाह लें।

अपने व्यक्तिगत गुणों के बारे में अधिक जानने के लिए कुछ करियर व्यक्तित्व परीक्षण करें और कोई रास्ता खोजने के लिए कुछ वरिष्ठतम लोगों से परामर्श लें।

बस एक को समझें कि आप बहुत अधिक परीक्षा नहीं लेते हैं या बहुत से लोगों से सलाह नहीं लेते हैं क्योंकि आप भ्रम में पड़ सकते हैं।

### करियर विकल्पों की सूची बनाएं

परीक्षा परिणाम और परामर्श के आधार पर कृपया अपने पास मौजूद करियर विकल्पों की सूची बनाएं।

अब आपके पास निश्चित रूप से कुछ ऐसा होगा जो आपकी रुचि और आपके जुनून से मेल खाता हो।

### अपने अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के बारे में सोचें

अब जब आपने अपने लिए सही करियर चुनने के लिए यह सब सोच लिया है, तो आपका अगला कदम कुछ प्राप्त करने योग्य लक्ष्यों के बारे में सोचना है। अपने शीर्ष करियर विकल्प को वास्तविकता बनाने के लिए, आप अगले कुछ महीनों में किस दिशा में काम करने जा रहे हैं? और अगले कुछ वर्षों में?

उपरोक्त सभी को करने से आपके पास अभी भी आपके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम हो सकते हैं। आखिरी चीज जो आपको करने की जरूरत है वह है अपने जुनून को मैप करना और आगे बढ़ना। लेकिन केंद्रित और दृढ़ रहें।

आप जो करना चाहते हैं उसे चुनने से पहले समय निकालें लेकिन एक बार चुने जाने के बाद वापस नहीं जाना है।

# सागर में सिर्फ नमक नहीं, चीनी भी:समुद्री घास में 13 लाख टन चीनी के भंडार मौजूद, ये 32 अरब कोल्ड ड्रिंक्स की मिठास के बराबर

समुद्र के अंदर भी चीनी यानी शक्कर का बड़ा सोर्स मौजूद है। समुद्री घास के रूप में मौजूद इस सोर्स में सुक्रोज होता है। यह किचन में मौजूद चीनी का मुख्य कंपोनेंट है।




सागर के तल में मौजूद समुद्री घास में 13 लाख टन चीनी के भंडार यानी 32 अरब कोल्ड ड्रिंक्स की मिठास के बराबर मीठापन होता है। हाल ही में जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर मरीन माइक्रोबायोलॉजी में हुई एक खोज में यह बात सामने आई है।

### फोटोसिंथेसिस के दौरान होता है चीनी का उत्पादन

समुद्री घास अपने मेटाबॉलिज्म के लिए सुक्रोज का उपयोग करते हैं, लेकिन ज्यादा धूप जैसे दोपहर या गर्मियों में ये पौधे अधिक चीनी का उत्पादन करते हैं।

समुद्री सूक्ष्म जीवविज्ञानी निकोल डुबिलियर का कहना है कि समुद्री घास फोटोसिंथेसिस के दौरान चीनी का उत्पादन करती है। शोधकर्ताओं ने पानी के नीचे समुद्री घास के मैदान में मास स्पेक्ट्रोमेट्री तकनीक के माध्यम से अपने हाइपोथेसिस को टेस्ट किया।

इसमें पता चला कि औसतन प्रकाश में ये समुद्री घास अपने मेटाबॉलिज्म के लिए सुक्रोज का उपयोग करते हैं, लेकिन ज्यादा धूप जैसे दोपहर या गर्मियों में ये पौधे अधिक चीनी का उत्पादन करते हैं। फिर वे ज्यादा सुक्रोज को अपने राइजोस्फीयर में छोड़ देते हैं।

आश्चर्य की बात तो यह है कि इस अतिरिक्त चीनी को आसपास के वातावरण में सूक्ष्मजीवों द्वारा एब्जोर्ब नहीं किया जाता है। इसे रोकने के लिए समुद्री घास फेनोलिक यौगिकों को उसी तरह भेजती है जैसे कई दूसरे पौधे करते हैं। बता दें कि ये केमिकल कंपाउंड रेड वाइन, कॉफी और फलों के साथ-साथ नेचर के कई और स्थानों में पाए जाते हैं, जो एंटी माइक्रोबियल होते है और ज्यादातर सूक्ष्म जीवों के मेटाबॉलिज्म को रोकते हैं, उन्हें धीमा करते हैं।


चार्ल्स पटेल

### समुद्री घास 35 गुना तेजी से दोगुना कार्बन सोखती है

समुद्री घास के कार्बन कैप्चर नुकसान की गणना में सामने आया कि मानव गतिविधि व घटती पानी की गुणवत्ता के कारण सुक्रोज की मात्रा घट रही है।

समुद्री घास 35 गुना ज्यादा तेजी से दोगुना कार्बन सोखती है। समुद्री घास के कार्बन कैप्चर नुकसान की गणना में सामने आया कि मानव गतिविधि व घटती पानी की गुणवत्ता के कारण सुक्रोज की मात्रा घट रही है। इसलिए ब्लू कार्बन इको सिस्टम को संरक्षित करना जरूरी है।

# दिमाग को बूढ़ा बना रहा कोरोना-रिसर्च में दावा- गंभीर मरीजों का दिमाग 20 साल बूढ़ा हो रहा, मानसिक बीमारियों का खतरा बढ़ा


रंजनबेन मसोया

भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी बीच कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और इंपीरियल कॉलेज के वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली रिसर्च की है। उनका दावा है कि कोरोना का गंभीर संक्रमण मरीजों के दिमाग को 20 साल बूढ़ा बना सकता है।

इससे पहले भी वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस और दिमाग के बीच के कनेक्शन को ढूंढने के लिए कई शोध किए हैं। इनमें ब्रेन फॉग और भूलने के बीमारी से लेकर दिमाग में खून के थक्के जमने तक, हर समस्या को उजागर किया गया। हालांकि, नई स्टडी आपके इंटेलिजेंस कोशेंट (IQ) पर होने वाले प्रभाव के बारे में बात करती है।

### ऐसे हुई रिसर्च

इस रिसर्च में वैज्ञानिकों ने औसतन 51 साल की उम्र वाले 46 मरीजों को शामिल किया। ये साल 2020 में कोरोना की चपेट में आए थे। इनमें से एक तिहाई लोगों को वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। मरीजों के बीमारी से रिकवर होने के 6 महीने बाद कुछ मेमोरी टेस्ट्स किए गए। साथ ही उनकी एंग्जाइटी, डिप्रेशन और पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (PTSD) का भी आकलन किया गया।

### कोरोना मरीजों का IQ 10 पॉइंट्स नीचे गिरा




वैज्ञानिकों ने रिसर्च में 66,000 नॉर्मल लोगों को भी शामिल किया था। नतीजों में पाया गया कि नॉर्मल लोगों की तुलना में कोरोना मरीजों का रिस्पॉन्स टाइम काफी स्लो था और कई जवाब गलत थे। जो मरीज ICU में भर्ती हुए थे, उनके दिमाग पर यह असर ज्यादा देखा गया। ये सीधे-सीधे 10 IQ पॉइंट्स कम होने के बराबर ही था।

### दिमाग की उम्र 50 से 70 जा पहुंची

रिसर्चर्स के अनुसार, इन कोरोना मरीजों के दिमाग की उम्र 50 से 70 जा पहुंची है। यानी, उनका दिमाग लगभग 20 साल बूढ़ा हो गया है। इसके चलते उनमें समय से पहले ही डिमेन्शिया (भूलने की बीमारी) समेत कई तरह के न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स होने की संभावना ज्यादा है। न्यूरोसाइंटिस्ट डेविड मेनन के मुताबिक, कोरोना ने एक प्रकार से इंसानी दिमाग पर अपनी छाप छोड़ी है।



वैज्ञानिकों ने इनमें से कुछ मरीजों को 10 महीनों तक फॉलो किया। जहां कुछ की दिमागी हालत में सुधार देखा गया, वहीं कुछ ऐसे भी थे जिनकी मेमोरी कभी नहीं सुधर पाएगी। प्रोफेसर एडम हेम्पशायर कहते हैं कि ब्रिटेन में ऐसे हजारों लोग हैं जिनका दिमाग कोरोना के कारण समय से पहले ही उम्रदराज हो गया।

### माइल्ड इन्फेक्शन वालों को भी खतरा

स्टडी में शामिल वैज्ञानिकों का मानना है कि जिन मरीजों को कोरोना का माइल्ड इन्फेक्शन हो चुका है, उनके दिमाग पर भी इस तरह के प्रभाव देखे जा सकते हैं। हालांकि, उनके दिमाग की समस्याएं बहुत मामूली होती हैं।

# मीट खाने वाले बच्चों में मोटापे का खतरा:रिसर्च- नॉन वेजिटेरियन बच्चों के मुकाबले वेजिटेरियन बच्चों में वजन कम रहने की आशंका 94% तक

मांसाहारी बच्चों की तुलना में शाकाहारी बच्चों का वजन आधे से कम तक हो सकता है। 2 से 5 साल तक के बच्चों पर की गई स्टडी में खानपान की वजह से ऐसा होने की संभावना बताई गई है। टोरंटो के सेंट मिशेल्स हॉस्पिटल की अगुवाई में किए गए एक शोध में यह खुलासा हुआ है। मांसाहारी और शाकाहारी

### बच्चों में पोषण लगभग बराबर

रिसर्च में शाकाहारी बच्चों की लंबाई, BMI और पोषण लगभग मांस खाने वाले बच्चों के ही बराबर था।रिसर्चर्स ने 9 हजार बच्चों को शोध में शामिल किया। इसमें कुल 250 शाकाहारी बच्चों को शामिल किया गया। इन बच्चों की लंबाई, बॉडी मास इंडेक्स (BMI) और पोषण लगभग मांस खाने वाले बच्चों के ही बराबर था। लेकिन जब इनके BMI की गणना की गई, तो पता चला कि शाकाहारी बच्चों में वजन कम रहने की संभावना 94% तक है।

### शाकाहारी बच्चों के अंडरवेट होने की संभावना ज्यादा

रिसर्च में शाकाहारी बच्चों में सही वजन वाले 79% बच्चे थे। वहीं उम्र के हिसाब से कम वजन वाले 6% थे।

रिसर्च में 8,700 मांसाहारी बच्चों में से 78% बच्चों का वजन उम्र के हिसाब से सही निकला। शाकाहारी बच्चों में सही वजन वाले 79% बच्चे थे। जब उम्र के हिसाब से कम वजन वाले बच्चों को देखा गया तो मांसाहारी में सिर्फ 3% ही अंडरवेट मिले। ऐसे शाकाहारी बच्चों की संख्या 6% निकली। इसी आधार पर वैज्ञानिकों ने बताया कि शाकाहारी बच्चों के अंडरवेट होने की संभावना ज्यादा होती है।

### मांसाहारी बच्चे हो सकते हैं ओवरवेट

शोध में यह भी पाया गया कि मीट खाने वाले बच्चों में मोटापा बढ़ने का खतरा ज्यादा रहता है।




शोध में यह भी पाया गया कि मीट खाने वाले बच्चों में मोटापा बढ़ने का खतरा ज्यादा रहता है।

शोध में यह भी पाया गया कि मीट खाने वाले बच्चों में मोटापा बढ़ने का खतरा ज्यादा रहता है। वैज्ञानिकों ने इसके लिए एक वजह शाकाहारी खाने में बच्चों के विकास के जरूरी न्यूट्रिएंट्स नहीं होने को माना है। साथ ही यह बात भी जोड़ी है कि एशिया के बच्चे ज्यादातर शाकाहारी होते हैं। इससे संभावना रहती है कि उनका वजन कम हो।

### भारत में बच्चों के विकास का पैमाना अलग

स्टडी में शामिल बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जोनाथन मैगुरी ने बताया कि भारत व अमेरिका में बच्चों के विकास का पैमाना अलग है। भारत में 5 साल की लड़की का वजन 17 किलो, लंबाई 108 सेंटीमीटर होना चाहिए। वहीं, अमेरिका में वजन 18 किलो होना चाहिए। ऐसे में स्टडी में शाकाहारी बच्चों के ज्यादातर एशिया से होने से उनके वजन को लेकर यह नतीजे निकले।

# साप्ताहिक राशि भविष्यफल

**मेष** : जनवरी माह के इस पहले सप्ताह का प्रारंभ पारिवारिक यात्रा से हो सकता है। कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव हो सकते हैं। परिस्थितियां बदल रही हैं। नौकरी और बिजनेस में बदलाव होंगे। इस सप्ताह आप जैसा चाहेंगे वैसा होने में संदेह है। दूसरों के अनुसार चलना पड़ेगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**वृषभ** : आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से यह सप्ताह अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। अपनी कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारने का समय है। कोई परेशानी महसूस करें तो परिवार के अनुभवी और बुजुर्ग लोगों से सलाह अवश्य लें। कार्य-व्यवसाय को रफ्तार देने के प्रयास करें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त रहेगा। स्वास्थ्य में मामूली गिरावट आ सकती है।

**मिथुन** : सप्ताह उत्साहवर्धक रहेगा। कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिसकी आपको लंबे समय से प्रतीक्षा थी। मान-सम्मान, प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। अटके हुए कार्यो को गति मिलेगी। नए कार्य-व्यवसाय प्रारंभ करने का सही समय है। महिलाओं के लिए सप्ताह महत्वपूर्ण है। नौकरीपेशा को बड़े पद ऑफर होंगे। व्यावसायिक गतिविधियां तेज होंगी।

**कर्क** : इस सप्ताह आपके कार्य में परिवर्तन, स्थान में बदलाव होने की संभावना है। नौकरी की नई संभावनाएं बन रही है। व्यापार में तेजी-मंदी का दौर थमेगा और आप एक स्थायित्व की ओर बढ़ेंगे। मानसिक शांति प्राप्त होगी। संतान पक्ष की चिंता दूर होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। श्वसन तंत्र प्रभावित हो सकता है।

**सिंह** : इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं, लेकिन यह बदलाव शुभ दिशा में होगा। युवाओं को बड़े जॉब ऑफर हो सकते हैं। नए स्टार्टअप के लिए समय शुभ हैं। साझेदारी में किए कार्यो से लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार में नया वाहन आने के योग हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहा विवाद निपटेगा।

**कन्या** : स्वास्थ्य की दृष्टि से सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। सर्दी-जुकाम, अस्थमा के मरीज विशेष सावधानी रखें। जल तत्वों का प्रयोग संभलकर करें। सप्ताह में किसी बात पर स्वजन से मतभेद हो सकते हैं लेकिन उन्हें आपसी बातचीत से सुलझा लेंगे। नौकरीपेशा को मेहनत का फल मिलेगा। कारोबारियों को कार्य विस्तार की दिशा मिलेगी।

**तुला** : आर्थिक उन्नति देने वाला रहेगा जनवरी का यह पहला सप्ताह। पुराना अटका हुआ पैसा लौटेगा। निवेश से लाभ होगा। मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। संपन्नता प्राप्त होगी। पुराने मित्रों से एक बार फिर भेंट हो सकती है। बिगड़े संबंध सुधरेंगे। भूमि, भवन, वाहन खरीदने के योग हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक** : सप्ताह थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। धैर्य और संयम बरतें। परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद उठेगा। इस सप्ताह आर्थिक तंगी महसूस हो सकती है। इस कारण कुछ काम अटक भी सकते हैं। नौकरी और व्यवसाय में ठहराव महसूस होगा। कोई विशेष उन्नति होती दिखेगी नहीं। माता-पिता के सहयोग से परेशानियां कम होंगी।

**धनु** : इस सप्ताह आत्मविश्वास और ऊर्जा बनाए रखें। उन्हीं के दम पर आप हर परिस्थिति में विजेता की तरह उभरेंगे। सप्ताह भागदौड़ भरा रहेगा। नौकरी पेशा लोगों को कार्य में बदलाव हो सकता है। कारोबारियों को थोड़ा सतर्क रहना होगा। आपके साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी हो सकती है। कोई करीबी आर्थिक चोट पहुंचा सकता है।

**मकर** : सप्ताह प्रगति वाला रहेगा। अटके हुए कार्यो को गति मिलेगी। नए कार्य प्रारंभ करने के लिए समय उत्तम है। किसी स्टार्टअप में निवेश करने से पहले उसके सारे पक्षों पर अच्छी तरह विचार कर लें। इस सप्ताह जीवनसाथी के साथ किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा कर उसका समाधान निकालेंगे। माता-पिता के सहयोग से नए कारोबार की नींव रखेंगे।

**कुंभ** : यह सप्ताह उमंग और उत्साह से बीतेगा। परिवार, जीवनसाथी या प्रेमी-प्रेमिका के साथ कहीं घूमने जाएंगे। किसी पारिवारिक मांगलिक कार्य में जाने का अवसर आएगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नए कार्य, व्यवसाय, नौकरी प्राप्त होगी। सामाजिक दृष्टि से कोई महत्वपूर्ण पद मिल सकता है। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। खर्च में कमी आएगी।

**मीन** : जनवरी के इस पहले सप्ताह में आपको कुछ विशेष उपलब्धियां प्राप्त होंगी। परिवार, प्रेम, कार्यस्थल सभी जगह आपकी बात मानी जाएगी। बिगड़े संबंध एक बार फिर सुधरेंगे। यह सप्ताह अपनी सेहत पर ध्यान देने का है। योग, ध्यान में मन लगाएं। आंतरिक ऊर्जा में वृद्धि होगी। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे।

# चुटकुले



**एक आदमी रात को दारू पीकर लौटा और दरवाजा खटखटाया।**
**पत्नी ने काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला।**
**आखिरकार पत्नी ने अंदर से गुस्से में कहा- कौन है?**
**पति ने कहा- खूबसूरत लड़की के लिए प्यारे-प्यारे फूल लाया हूं।**
**पत्नी ने झट से दरवाजा खोल दिया।**
**पत्नी ने पूछा- फूल कहां हैं?**
**पति अंदर घुसते हुए बोला- खूबसूरत लड़की भी कहां है।**

**युवक: आई लव यू**
**युवती: तुम पागल हो क्या? मैं शादीशुदा हूं, मेरा पति है।**
**एक बॉयफ्रेंड भी है ऑफिस में। मेरा एक्स-बॉयफ्रेंड भी मेरे पड़ोस मे रहता है।**
**कल ही मेरे बॉस ने भी प्रपोज किया है। मैं उन्हें मना नहीं कर सकतीं,**
**प्रमोशन का सवाल है। और इन सबको छोड़ भी दूं तो भी... मेरा एक स्कूल फ्रेंड के साथ सीरियस मैटर है।युवक (कुछ देर सोचकर): देख ले, कहीं अजस्ट होता हो तो।**

# रॉनी रोड्रिग्स व सुजॉय मुखर्जी ने किया राधिका ज्वेलर्स का मीरा रोड में उद्घाटन





मुम्बई से सटे मीरा रोड में राधिका ज्वेलर्स के ब्रांड न्यू शोरूम का उद्घाटन आज भव्य रूप से मशहूर सिनेबस्टर मैगज़ीन के ओनर रॉनी रोड्रिग्स, जॉय मुखर्जी प्रोडक्शंस व फिल्मालय स्टूडियो के ओनर सुजॉय मुखर्जी ने किया। राधिका ज्वेलर्स के ओनर अरविन्द महेश्वरी ने दोनों मेहमानों का खूब शुक्रिया अदा किया।रॉनी रोड्रिग्स और जॉय मुखर्जी ने राधिका ज्वेलर्स का फीता काटकर उद्घाटन किया, जहां मीडिया की भारी संख्या मौजूद थी।रॉनी रोड्रिग्स ने राधिका ज्वेलर्स के ओनर अरविन्द महेश्वरी को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और कहा कि राधिका ज्वेलर्स जल्द ही ग्राहकों का विश्वास जीतने में सफल होगा।सुजॉय मुखर्जी का यहां दिल खोलकर स्वागत किया गया। उनके फैन्स ने उनके साथ खूब सेल्फी ली। यहाँ मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं राधिका ज्वेलर्स की नई शुरुआत के लिए इसके ओनर अरविन्द महेश्वरी को दिल से बधाई देता हूँ।

यह शो रूम बड़ा ही अच्छा लग रहा है, इसकी सजावट, लुक, स्टाफ और यहां के जेवरात सभी बेहतर हैं। मैं रॉनी रोड्रिग्स जी का भी शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। मैं भी इस दुकान से खरीदारी करने आऊंगा।सुजॉय मुखर्जी ने कहा की रॉनी रॉड्रिग्ज मेरे पुराने मित्र हैं और मेरे फॅमिली जैसे हैं,मैं उनका आदर करता हू और उन्होंने मुझे यहाँ बुलाया इसके लिये मैं उनका तहदिलसे शुक्रिया अदा करता हू....

आपको बता दें कि राधिका ज्वेलर्स मीरा रोड ईस्ट के सिल्वर पार्क के आशीष कम्पलेक्स के सुख आंगन में मौजूद है जिसकी दुकान नम्बर 7/8 है। राधिका ज्वेलर्स के उद्घाटन समारोह में राहुल एजुकेशन के फॉउंडर लल्लन आर तिवारी भी मौजूद थे। इसके पीआर की जिम्मेदारी रमाकांत मुंडे (मुंडे न्यूज़) निभा रहे हैं।

# सिने बस्टर मैगजीन ने भव्य कार्यक्रम में " सिनेबस्टरि फल्म्स एन्ड टीव्ही अवार्ड्स 2022 " का किया ऐलानविश्व सिनेमा के इतिहास में पहली बार सोने और हीरे से जड़ित ट्रॉफी की गई है तैयार






मशहूर सिनेबस्टर मैगज़ीन ने मुम्बई के नोवोटल होटल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सिनेबस्टर सिने अवार्ड्स 2022" फ़िल्म एंड टीवी अवार्ड्स शो का अनाउंसमेंट किया। इस ट्रॉफी की खास बात यह है कि विश्व सिनेमा के इतिहास में पहली बार किसी ट्रॉफी को सोने और हीरे से तैयार किया गया है जो विजेताओं को प्रस्तुत की जाएगी। मनोरंजन इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए कलाकारों, संगीतकारों, गायकों, प्रोडक्शन हाउस को सम्मानित करने के लिए इस अवार्ड शो को आयोजित किया जा रहा है।इस पार्टी के होस्ट मिस्टर रॉनी रोड्रिग्स, ओनर सिने बस्टर मैगजीन प्राइवेट लिमिटेड अंडर द बैनर ऑफ पर्ल ग्रुप ऑफ कम्पनीज़ थे। इस एलान के अवसर पर विख्यात निर्देशक मेहुल कुमार, संगीतकार दिलीप सेन, सुधांशु पाण्डेय, आनंद मिलिंद, सुजय मुखर्जी, सुनील पाल सहित कई हस्तियां गेस्ट के रूप में मौजूद थीं। उदय दहिया, गौरव शर्मा (कामेडियन) भी यहां उपस्थित थे जिन्होंने रॉनी रोड्रिग्स को इस अनोखे अवार्ड शो के लिए शुभकामनाएं दीं।रॉनी रोड्रिग्स ने यहां बताया कि सिने बस्टर सिने अवार्ड्स की ट्रॉफी शुद्ध सोने से बनी है और असली हीरे से जड़ित है। अब तक पूरी दुनिया मे किसी ने ऐसा नहीं किया है। बॉलीवुड की 50 लिजेंड्री हस्तियों को यह अवार्ड दिया जाएगा। सिने बस्टर मैगज़ीन के 6 साल पूरे होने के शुभ अवसर पर 6 जून को इस अवार्ड की ग्रैंड ट्रॉफी अन्विल होगी। और यूएई के रसल खैमह में 18 सितंबर को यह अवार्ड फंक्शन होगा। देश के बाहर इस तरह के मेगा इवेंट के आयोजन के पीछे का विचार भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देना है।"संगीतकार दिलीप सेन ने कहा कि सिने बस्टर सिने अवार्ड्स कुल 95 हस्तियों को दिए जाएंगे। एक ट्रॉफी की कीमत ढाई लाख रुपये है, आप अंदाजा लगा सकते हैं कि रॉनी रोड्रिग्स का दिल कलाकारों के सम्मान के लिए कितना बड़ा है।कमाल एक्टर सुधांशु पाण्डेय ने कहा कि सोने हीरे से जड़ी यह स्पेशल ट्रॉफी बनाई गई है। रॉनी रोड्रिग्स को इस पुरस्कार समारोह के लिए ढेरों शुभकामनाएं।इस अवार्ड से भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की 55 लिजेंड्री हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारोंका विभिन्न कॅटेगरी मे अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जायेगा।आज के भी फिल्म हस्तियोंको सोने और हिरोंसे चमचमती ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। कई हस्तियां इस अवार्ड शो के एलान के प्रोग्राम में हिस्सा नहीं ले सकीं, मगर उन्होंने वीडियो मैसेज के द्वारा रॉनी रोड्रिग्स को दिल से शुभकामनाएं दीं। वेटेरन ऐक्ट्रेस अरुणा ईरानी ने कहा कि रॉनी रोड्रिग्स को तहे दिल से शुक्रिया, मैं 6 जून को ट्रॉफी अन्विलिंग के प्रोग्राम में जरूर मिलूंगी। 18 सितंबर को यूएई में भी आऊंगी।मशहूर कॉमेडियन जॉनी लीवर ने इस अवार्ड के लिए पूरी टीम को ऑल द बेस्ट कहा।गीतकार समीर अंजान ने कहा कि मैं मुम्बई में नहीं हूं मगर आपके अगले दोनों समारोह में रहूंगा। अदाकारा ऋतुपर्णो सेन गुप्ता ने भी रॉनी रोड्रिग्स को ऑल द बेस्ट कहा।इस अवार्ड से न सिर्फ बॉलीवुड की हस्तियों को बल्कि टॉलीवुड और टेलीविजन इंडस्ट्री के कलाकारों, संगीतकारों, गायकों को भी नवाजा जाएगा।सिने बस्टर मैगजीन प्राइवेट लिमिटेड के ओनर मिस्टर रॉनी रोड्रिग्स ने कहा कि पिछले 6 वर्षों से हमारी मैगज़ीन के पाठकों द्वारा हमें जो रेस्पॉन्स मिल रहा है वो कमाल का है। हम मैगज़ीन की छठी सालगिरह के अवसर पर एक और बड़ा ऐलान कर रहे हैं और वह है सिने बस्टर सिने अवार्ड्स 2022. विश्व सिनेमा के इतिहास में यह पहली बार होने जा रहा है कि इस तरह का कोई अवार्ड फंक्शन होगा जहां असली सोने और हीरे से जड़ित ट्रॉफी विजेताओं को प्रदान की जाएगी। हमारी पूरी टीम इस अवार्ड फंक्शन को लेकर उत्साहित है।छायाकार : रमाकांत मुंडे मुंबई

## फिरोजपुर और फरीदकोट से बब्बर खालसा के 2 आतंकी गिरफ्तार

पंजाब पुलिस ने हरियाणा के करनाल जिले में विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा के चार संदिग्ध आतंकियों के दो और साथियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस का दावा है कि यह दोनों आतंकी पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरविंदर संधू उर्फ रिंदा के कहने पर बॉर्डर से खेप लाने का काम करते थे। दोनो आतंकियों की पहचान फिरोजपुर के गांव पीरके निवासी आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश (25) और फरीदकोट निवासी जश्नप्रीत सिंह उर्फ जस (19) के रूप में हुई है।

## मुंबई के सांताक्रूज में LIC ऑफिस के टॉप फ्लोर पर लगी भीषण आग, कंप्यूटर रुम जलकर खाक

मुंबई के सांताक्रूज इलाके में LIC ऑफिस के टॉप फ्लोर में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। यह आग कंप्यूटर सेंटर में लगी है। दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर आग बुझाने के लिए मौजूद हैं। सुबह का वक्त होने के कारण ऑफिस में सिक्योरिटी स्टाफ के अलावा कोई नहीं था। सभी को समय पर LIC ऑफिस से बाहर निकाल लिया गया।

## जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आतंकियों ने एक पुलिसकर्मी पर फायरिंग की

जम्मू-कश्मीर में फिर पुलिस कर्मी पर हमला किया गया है। श्रीनगर के अली जान रोड स्थित ऐवा ब्रिज पर आतंकियों ने एक पुलिसकर्मी पर फायरिंग कर दी। घटना में गंभीर रूप से घायल कर्मी को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## इंदौर की दो मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 7 लोग जिंदा जले

मध्य प्रदेश के इंदौर में शुक्रवार देर रात दो मंजिला इमारत में आग लग गई, जिसमें 7 लोग जिंदा जलकर मर गए। मृतकों में 6 पुरुष और एक महिला शामिल है। घटना के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है। पुलिस ने मृतकों के शव MY अस्पताल भेजे। बताया जाता है कि इमारत में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी, फिर धीरे-धीरे भयानक रूप ले लिया।

## मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसे में 7 की मौत

UP के मथुरा में शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां नौहझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार में किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वैगनआर कार सवार 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 घायल हैं। कार में कुल 9 लोग सवार थे। मरने वालों में 3 महिला, 3 पुरुष और एक बच्चा है।

## राहुल और नड्डा के तेलंगाना दौरे पर CM के बेटे का तंज

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तेलंगाना के दौरे पर हैं। राहुल गांधी यहां किसानों के मुद्दे उठा रहे हैं तो जेपी नड्डा पैदल यात्रा कर रहे हैं। इन दौरे पर राज्य की सत्ताधारी पार्टी TRS के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य मंत्री के टी रामाराव ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि यहां राजनीतिक टूरिस्ट तो आते रहते हैं, लेकिन राज्य की जनता सिर्फ केसीआर पर भरोसा करती है। के टी रामाराव राज्य के CM केसीआर के बेटे हैं।

## NCRTC को सौंपी जाएगी RRTS का पहला ट्रेन सेट

देश में बनने वाली पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) कॉरिडोर का पहला ट्रेनसेट तैयार है। आज यानी 7 मई को यह ट्रेनसेट गुजरात के सावली में NCRTC को सौंप दिया जाएगा। इसके लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव शामिल होंगे। इन अत्याधुनिक RRTS ट्रेन सेट को मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत के सावली, गुजरात में एल्सटॉम कारखानों में बनाया जा रहा है।

# राहुल महाजन ने अपनी पत्नी का जन्मदिन भव्य अंदाज में मनाया



पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री प्रमोद महाजन के बेटे राहुल महाजन ने 4 मई, 2022 को मुंबई में अपनी पत्नी नतालिया का जन्मदिन भव्यता के साथ मनाया। बिग बॉस 2 के प्रतिभागी ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बॉलीवुड और मनोरंजन उद्योग की कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रित किया था।अंकिता लोखंडे ने अपने पति विकास जैन के साथ इस कार्यक्रम में शिरकत की, प्रसिद्ध मैने प्यार किया अभिनेत्री बाग्याश्री अपने पति हिमालय के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। विक्रांत के साथ हिंदी और भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। राहुल की बहन पूनम महाजन, जो मुंबई उत्तर मध्य, निर्वाचन क्षेत्र, महाराष्ट्र से लोकसभा सदस्य के रूप में कार्य करती हैं, भी इस जोड़े के लिए शुभकामनाओं के साथ मौजूद थीं।राहुल और नतालिया के लिए सभी की तरफ से शुभकामनाएं। इस कार्यक्रम में दुनिया भर से जोड़े के निजी मित्रों और रिश्तेदारों ने भी भाग लिया। सभी मेहमानों के लिए यह पार्ट बहुत उत्साह और मनोरंजन के साथ चला।

# तमिलनाडु : बस में सवार हुए मुख्यमंत्री स्टालिन, सत्ता में एक साल पूरा होने पर जानी सरकार के बारे में लोगों की राय

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार को एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर सीएम स्टालिन ने शनिवार को चेन्नई में मरीना समुद्र तट के किनारे करुणानिधि मेमोरियल से अन्ना मेमोरियल तक सरकारी बस में संक्षिप्त सैर की।

इस दौरान मुख्यमंत्री स्टालिन ने यात्रियों से अपनी सरकार व बस सेवाओं को लेकर चर्चा की। स्टालिन अपनी पार्टी द्रमुक के भी प्रमुख हैं। मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन (M K Stalin) ने पिछले साल 7 मई को सीएम पद



की शपथ ली थी। वे पहली बार सीएम बने हैं। द्रमुक को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2021 में भारी जीत मिली थी।

इसलिए रखा स्टालिन नाम

तमिलनाडु के ख्यात नेता रहे स्व. करुणानिधि ने अपने बेटे का नाम रूस के ख्यात नेता व तानाशाह रहे जोसफ स्टालिन के नाम पर रखा। दरअसल 5 मार्च 1953 को स्टालिन का निधन हुआ था। इसके चार दिन पहले करुणानिधि के घर बेटा हुआ था। जब करुणानिधि को पता चला कि स्टालिन नहीं रहे हैं तो उन्होंने अपने बेटे का नाम एमके स्टालिन रख दिया था।

# बिजली संकट : आपातकालीन प्रावधान लागू, बंद विद्युत इकाइयां होंगी शुरू, 20 ठप खदानों से निकाला जाएगा कोयला

करीब एक दशक के सबसे गहरे बिजली संकट से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने आपातकालीन प्रावधान लागू किए हैं। इसके तहत कोयला आयात से लेकर घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने और कोयले को संयंत्रों तक समय पर पहुंचाने के लिए हर मोर्चे पर युद्धस्तर पर जुटी है। विद्युत मंत्रालय ने बताया कि सरकार आयातित कोयले से बिजली बनाने वाली बंद पड़ी विद्युत उत्पादन इकाइयों को फिर शुरू करने जा रही है, साथ ही बंद खदानों से कोयला भी निकाला जाएगा।

बिजली की मांग चार दशक के उच्चतम स्तर पर है। वहीं आयातित कोयले पर आधारित 43 फीसदी से ज्यादा विद्युत उत्पादन इकाइयां बंद पड़ी हैं, जिनसे करीब 17.6 गीगावाट बिजली पैदा हो सकती है। देश में कोयला आधारित कुल विद्युत उत्पादन में ये इकाइयां 8.6 फीसदी का योगदान करती हैं। इसी वजह से सरकार ने इन्हें शुरू करने की तैयारी की है। इसके अलावा विद्युत उत्पादन की लागत ग्राहकों से वसूलने के लिए समिति का गठन किया है। विद्युत उत्पादक इकाइयों के पास कोयले का भंडार 9 वर्ष के न्यूनतम स्तर पर आ गए हैं। इस संकट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें विद्युत वितरण कंपनियों की ग्राहकों से




बिजली उपभोग की समय पर कीमत वसूलने में नाकामी से कोयला खदानों से कोयला उत्पादन में 33 फीसदी तक कमी करना शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले वर्ष मार्च-अप्रैल की तुलना में नॉन कोकिंग कोल की कीमत 50 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 288 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गई थी। रूस से कोयला आयात बंद करने के बाद अब कीमत करीब 140 डॉलर प्रति टन है। आयात पर तुरंत कदम उठाएं राज्यकेंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को फिर से राज्यों से कहा कि वे बिजली उत्पादन के लिए कोयला आयात पर तुरंत कदम उठाएं। बिजली बनाने वाली इकाइयों के कोयला आयात की समीक्षा बैठक के दौरान सिंह ने कहा कि जो जितना ज्यादा कोयला आयात करेगा, उसे मिश्रण के लिए उसी अनुपात में घरेलू कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने राज्यों व बिजली बनाने वाली इकाइयों को उन्हें आवंटित खदानों से भी खनन बढ़ाने को कहा।

आयातित कोयले से पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन का आदेश

बिजली की मांग में 20 फीसदी से ज्यादा वृद्धि को देखते हुए कोयला केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने आयातित कोयले से बिजली बनाने वाले सभी संयंत्रों को पूरी क्षमता से संचालित करने का आदेश दिया है। इससे पहले मंत्रालय ने सभी निजी व सार्वजनिक विद्युत उत्पादकों को निर्देश दिया था कि वे जरूरत का कम से कम 10 फीसदी कोयला आयात करें।

मंत्रालय ने बताया कोयले की अंतरराष्ट्रीय कीमत बढ़ने की वजह से कोयला आयात काफी कम हो गया है, जिससे घरेलू कोयले पर अधिक दबाव पड़ रहा है। 2015-16 में 370 लाख टन कोयला आयात किया जा रहा था, जो 2021-22 में घटकर 240 लाख टन रह गया, जबकि बिजली की मांग बढ़ने से कोयले की मांग बढ़ती जा रही है।

विद्युत, कोयला व रेल मंत्रालय में तालमेल की कमी से हुई दिक्कत : एआईपीईएफ

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने मौजूदा बिजली संकट को विद्युत, कोयला व रेल मंत्रालय में तालमेल के अभाव का नतीजा बताया है। एआईपीईएफ ने केंद्र सरकार से कोयले के आयात पर राज्यों को मुआवजा देने का अनुरोध करते हुए कहा, केंद्र सरकार को राज्यों को कोयला आयात पर मुआवजा देना चाहिए, क्योंकि घरेलू उत्पादन में कमी से उन्हें कोयला आयात करना पड़ रहा है।

बंद खदानों से बढ़ेगा उत्पादन

कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कर बताया कि 20 बंद पड़ी कोयला खदानों से फिर से उत्पादन शुरू करने का फैसला किया गया है। इन खदानों में अब भी करीब 3800 लाख टन कोयला मौजूद है। वहीं, मंत्रालय के सचिव एके जैन ने बताया आगामी दो-तीन वर्ष में कोयला उत्पादन 750-1,000 लाख टन तक बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए 100 से ज्यादा बंद पड़ी कोयला खदानों में फिर से खनन शुरू किया जाएगा। उत्पादन से ज्यादा खपत

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक, आयातक और उपभोक्ता है। देश में 2021-22 के दौरान करीब 7,772 लाख टन कोयला उत्पादन किया गया, जबकि 10,000 लाख टन कोयला इस्तेमाल किया गया। कोल इंडिया जो कि दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है, भारत का 80 फीसदी कोयला उत्पादन करती है।




## SRH की हार के दोषी विलियमसन

# दिल्ली के खिलाफ स्ट्राइक रेट 40 से भी कम, टूर्नामेंट की 10 पारियों में केवल 1 फिफ्टी लगाई

सनराइजर्स हैदराबाद (S R H) लगातार 3 मैच हार चुकी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मुकाबले में टीम को 21 रन से मिली हार का सामना करना पड़ा। टीम की इस हार के सबसे बड़े मुजरिम स्वयं कप्तान और ओपनिंग बल्लेबाज केन विलियमसन रहे।




### हाई स्कोरिंग मैच में फेल

मैच में SRH के सामने जीत के लिए 208 रन का विशाल टारगेट रखा था। ऐसे में टीम को टॉप ऑर्डर से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन कैप्टन केन ने फैंस को निराश किया। वह 11 गेंदों में केवल 5 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। विलियमसन का विकेट एनरिक नोर्त्या के खाते में आया। नोर्त्या ने ऑफ स्टंप पर धीमी गति की गेंद डाली थी। बॉल टप्पा पड़कर बाहर की तरफ निकली और केन चकमा खा गए और कीपर ऋषभ पंत को अपना कैच दे दिया। 5 रन की पारी में उनका स्ट्राइक रेट मात्र 36.36 का था।

### अब तक पूरे टूर्नामेंट में रहे फ्लॉप

सिर्फ इस मैच में ही नहीं बल्कि अब तक पूरे टूर्नामेंट में विलियमसन आउट ऑफ नजर आए हैं। 10 पारियों में उन्होंने केवल 22.11 की औसत से 199 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से एक अर्धशतक देखने को मिला। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने 46 गेंदों पर 57 रन बनाए थे। पिछली 5 पारियों में तो विलियमसन ने केवल 76 रन बनाए हैं।

### 21 रन से हारी SRH

दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 21 रन से हराया। SRH के सामने 208 रन का विशाल टारगेट था, जिसके जवाब में टीम ने 186/8 का स्कोर बनाया और मैच हार गई। निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। दिल्ली की जीत में खलील अहमद ने 3 विकेट लिए।

हैदराबाद की लगातार तीसरी हार

मौजूदा टूर्नामेंट में हैदराबाद की ये लगातार तीसरी हार है। SRH ने अब तक 10 मैच खेले हैं। इस दौरान 5 में जीत दर्ज की और 5 में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, दिल्ली की 10 मैचों में ये 5वीं जीत रही। पंत की टीम भी 5 मुकाबला हार चुकी है।

## GT vs MI फैंटेसी 11 गाइड:कप्तान हार्दिक के बल्ले से निकले हैं 309 रन, उपकप्तान ईशान भी दिला सकते हैं पॉइंट्स




आज शाम मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमों में पावर हिटर्स की भरमार है लेकिन पॉइंट्स टेबल की पोजिशन में बड़ा अंतर है। एक तरफ गुजरात टॉप पर रहते हुए प्लेऑफ के लिए लगभग क्वालीफाई कर चुकी है तो वहीं मुंबई अंतिम स्थान पर है। आइए जाने का प्रयास करते हैं कि इस मुकाबले में कौन से खिलाड़ी फैंटेसी पॉइंट्स दिला सकते हैं। विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा और ईशान किशन को बतौर विकेटकीपर टीम में शामिल किया जा सकता है। साहा लगातार अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से टीम के लिए उपयोगी बने हुए हैं। शॉर्ट बॉल पर उनके दमदार शॉट मुकाबले का रुख बदल रहे हैं। दूसरी तरफ ईशान हैं , जिनका बल्ला शुरुआती मुकाबलों में चलने के बाद धीमा हो गया है। हालांकि लास्ट ईयर भी जब मुंबई प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो गई थी तो ईशान की बल्लेबाजी में बदलाव नजर आया था। वह खुलकर अपने शॉट खेल पा रहे थे। गुजरात के खिलाफ ईशान रंग जमा सकते हैं।

बैटर

सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, डेविड मिलर और शुभमन गिल को बल्लेबाजों के रूप में फैंटेसी टीम का हिस्सा बनाया जा सकता है। सूर्या लगातार अपनी रोशनी में मुंबई पारी को संभालते नजर आए हैं। टीम को पहली जीत दिलाने के दौरान भी उन्होंने दमदार फिफ्टी जड़ी थी। सूर्या आज फिर अपने बल्ले से गदर मचा सकते हैं।

## चैंपियन CSK कैसे हुई प्लेऑफ की होड़ से बाहर:पूरी आजादी के साथ कप्तानी नहीं कर पाए जडेजा, एक्सप्रेस बॉलर की खली कमी

चेन्नई सुपर किंग्स IPL इतिहास में सबसे ज्यादा 9 बार फाइनल खेलने वाली टीम है। कभी कहा जाता था कि बाकी टीमें आईपीएल इसलिए खेलती है ताकि फाइनल में चेन्नई से मुकाबला कर सकें। IPL 2022 इस चैंपियन टीम के लिए किसी बुरे सपने की तरह रहा है। 10 मुकाबले खेल चुकी CSK केवल 3 में जीत दर्ज कर सकी है और टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। महेंद्र सिंह धोनी का सीजन की शुरुआत से 1 दिन पहले कप्तानी छोड़ना, सुरेश रैना को टीम में शामिल नहीं करना, धोनी के बाद सही कप्तान नहीं चुन पाना और एक्सप्रेस स्पीड बॉलर की कमी जैसी कुछ वजह सामने आ रही हैं।




### चिन्ना थाला के साथ किया गया बर्ताव

सुरेश रैना को चेन्नई में चिन्ना थाला कहा जाता है। उन्होंने चेन्नई को अपने दम पर कई मुकाबले जिताए। ऐसे में ऑक्शन के दौरान रैना को ना खरीदना CSK के लिए नुकसानदायक रहा। नीलामी के बाद भी कम कीमत पर रैना बिक सकते थे, लेकिन तब भी चेन्नई ने उन्हें टीम के साथ जोड़ना जरूरी नहीं समझा। नतीजा यह हुआ कि चेन्नई सीजन की शुरुआत से पहले ही गलत कारणों से चर्चा में आ गई। CSK मैनेजमेंट को लगातार सफाई देनी पड़ी कि टीम कॉन्बिनेशन में रैना फिट नहीं बैठ रहे थे। कहीं ना कहीं टीम के बाकी खिलाड़ियों पर भी रैना के साथ हुए बर्ताव का असर पड़ा। प्लेयर्स का ध्यान दूसरी तरफ चला गया और टीम पूरी तैयारी के साथ IPL में नहीं उतर सकी। रैना की कमी टीम को काफी खली क्योंकि मिडिल ऑर्डर में उनकी तरह कोई दूसरा बल्लेबाज टीम नहीं तलाश सकी।

एक्सप्रेस स्पीड बॉलर्स की कमी

टॉप 4 में चल रही सभी टीमों के पास एक्सप्रेस स्पीड गेंदबाज मौजूद हैं। ऐसे गेंदबाज जो अपनी गति से बल्लेबाज को धमका कर उनके विकेट निकाल सकें। गुजरात के पास लॉकी फर्ग्यूसन, राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट, लखनऊ के पास आवेश खान और सनराइजर्स के पास जम्मू एक्सप्रेस उमरान मलिक उपलब्ध हैं। CSK की बात करें तो उसके स्ट्राइक बॉलर क्रिस जॉर्डन रहे। उनकी कम स्पीड का फायदा राशिद खान जैसे बल्लेबाजों ने भी उठाया और एक ओवर में 25 रन जड़कर चेन्नई से मुकाबला छीन लिया।

145/kmph से ऊपर की गेंदें फेंकने वाला बॉलर ना होना CSK को भारी पड़ा। इस वजह से किसी पार्टनरशिप को तोड़ने के लिए चेन्नई के कप्तान को बहुत मुश्किल पेश आती थी। विकेट टेकिंग बॉलर के ऑप्शन की कमी ने आखिरकार चेन्नई को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

महेंद्र सिंह धोनी का अजीब फैसला कहा जाता है कि धोनी जो भी करते हैं, उसकी कानों- कान किसी को खबर नहीं होती। जिस तरीके से धोनी ने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज के बीच में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था, उसे क्रिकेट इतिहास के सबसे शॉकिंग फैसलों में एक माना जाता है। उसी तर्ज पर IPL सीजन की शुरूआत से एक दिन पहले खबर आती है कि महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ दी है और रवींद्र जडेजा टीम के नए कप्तान होंगे।




## कंगाली की कगार पर पाकिस्तान:शहबाज सरकार की सऊदी से गुहार- स्टेट बैंक में जमा 23 हजार करोड़ रुपए के डिपोजिट न निकालें




पाकिस्तान की शहबाज सरकार के लिए खाली खजाना आफत का कारण बन गया है। पाकिस्तानी सरकार के वित्त मंत्री मिफताह इस्माइल ने सऊदी अरब सरकार से गुहार लगाई है कि वो स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (SBP) में जमा लगभग 23 हजार करोड़ रुपए के डिपोजिट को न निकाले।

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा का रिजर्व घटकर 78 हजार करोड़ रुपए ही रह गया है। ऐसे में पाकिस्तान को इंपोर्ट बिल चुकाने के लिए विदेशी मुद्रा रिजर्व को बनाए रखने की जरूरत है। पाकिस्तान को खाने-पीने की चीजों के लिए इस विदेशी मुद्रा भंडार की जरूरत है। नवंबर, 2021 में जब पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 50 हजार करोड़ के आसपास रह गया था। तब इमरान सरकार ने सऊदी अरब ने पाकिस्तान को ये आर्थिक मदद दी थी, लेकिन ये सिर्फ 6 महीने के लिए थी। दरअसल, पाकिस्तान को चीन ने वादे के बावजूद अब 19 हजार करोड़ रुपए की मदद देने से इनकार कर दिया है।

10 किलो आटा 900 रुपए, दूध 150 रुपए लीटर पाकिस्तान में पिछले लगभग 70 साल में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है। यहां महंगाई की दर 13.4% चल रही है। पेट्रोल और डीजल के दाम भी बहुत ज्यादा हैं। पेट्रो पदार्थों के दामों में पिछले 6 महीने के दौरान लगभग 28.6% का इजाफा हुआ है। पाकिस्तान में महंगाई आसमान पर है। यहां 10 किलोग्राम आटा लगभग 900 रुपए का मिल रहा है। दूध 150 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बिक रहा है। यहां खाने की चीजों की मंहगाई दर 17% से ज्यादा है। कर्ज मोहलत बढ़ाने के लिए थी शहबाज की पहली सऊदी यात्रा पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी पहली विदेश यात्रा पर सऊदी अरब कर्ज की मोहलत बढ़ाने और नए कर्ज की गुहार लेकर गए थे। दरअसल, अभी अमेरिका और चीन से पाकिस्तान को आर्थिक मदद नहीं मिल पा रही है। इमरान की बीबी की दोस्त फराह को दुबई से लाएगी सरकार दूसरी तरफ शहबाज सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की मित्र फराह को दुबई से वापस लाने की मंजूरी दे दी है। फराह पर इमरान के प्रधानमंत्री रहने के दौरान ट्रांसफर पोस्टिंग जैसे मामलों में घूस लेने का आरोप है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फराह ने 3300 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया है। पाक सरकार ने फराह के पाकिस्तान के बैंक अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया है। इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने के अगले ही दिन फराह अपने पति के साथ दुबई भाग गई थीं। दुबई जाने के लिए प्लेन में बैठी फराह की फोटो सोशल मीडिया पर खासी वायरल हुई थी।



## श्रीलंका में आर्थिक संकट:महंगाई से परेशान प्रदर्शनकारियों ने की संसद घेराव की कोशिश, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

श्रीलंका में आर्थिक संकट की वजह से लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। आए दिन सरकार के खिलाफ मार्च निकाले जा रहे हैं। बीते रोज भी प्रदर्शनकारियों से संसद को घेरने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिन ने इन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुरुवार को प्रदर्शनकारियों के एक ग्रुप ने संसद के पास मौजूद पोल्डुवा जंक्शन पर बैरिकेडिंग को हटाने की कोशिश की। जिसके बाद इनके खिलाफ एक्शन लिया गया। श्रीलंका में पेट्रोल भरवाने की भी लिमिट तय



आर्थिक संकट की वजह से श्रीलंका में पेट्रोल और डीजल की भी किल्लत हो रही है। सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (CPC) ने एक नोटिफिकेशन जारी कर पेट्रोल भरवाने की लिमिट तय कर दी है। अब मोटरसाइकिल में 2,000 रुपए, तिपहिया वाहन में 3000 रुपए, कार, वैन और जीप में 8000 रुपए तक का ही पेट्रोल भरवा सकते हैं। हालांकि, बसों, लॉरियों और कमर्शियल वाहनों को छूट दी गई है।

### भारत ने अब तक 23 हजार करोड़ रुपए की मदद दी

इस संकट की घड़ी में भारत लगातार श्रीलंका की मदद कर रहा है। क्रेडिट लाइनों और क्रेडिट स्वैप के तहत भारत जनवरी से अब तक करीब 23 हजार करोड़ रुपए की मदद कर चुका है। श्रीलंका आर्थिक संकट की वजह से खाद्य पदार्थ और ईंधन के आयात के लिए भी भुगतान नहीं कर पा रहा है।

### तमिलनाडु सरकार ने मदद के लिए प्रस्ताव पास किया

तमिलनाडु सरकार ने भी श्रीलंका की मदद के लिए एक प्रस्ताव पास किया है। इसके तहत राज्य सरकार श्रीलंका को खाना और जीवन रक्षक दवाएं भेजना चाहती है। प्रदेश भाजपा ने एक पत्र लिखकर सरकार की इस पहल का स्वागत किया है, साथ ही सवाल भी उठाए हैं। पत्र में कहा गया है

कि तमिलनाडु सरकार की कुछ हालिया कार्रवाइयां सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए थीं, विशेषकर ऑपरेशन गंगा के दौरान। इसलिए हम सिर्फ इस बात को लेकर चिंतित हैं कि यह प्रस्ताव भी ऐसी ही कवायद न बन जाए।

## इजराइल में आतंकी हमला:एलाद शहर में 3 लोगों की चाकू मारकर हत्या, आतंकी ग्रुप हमास ने की हमले की तारीफ

इजराइल में स्वतंत्रता दिवस के दिन यानी गुरुवार को एलाद शहर में 3 लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में 4 लोग घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी को गोली मार दी गई है। लोकल एडमिनिस्ट्रेशन ने लोगों से बाहर न निकलने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि पीड़ितों को चाकू मारा गया या गोली मारी गई है।



इस मामले की छानबीन जारी है। हमले वाली जगह की घेराबंदी कर हेलिकॉप्टर के जरिए इलाके पर नजर रखी जा रही है। हालांकि, डॉक्टर्स की रिपोर्ट में चाकू मारने की बात सामने आई है। आतंकी ग्रुप हमास ने की हमले की तारीफ

फिलिस्तीनी आतंकवादी ग्रुप हमास ने इस हमले की तारीफ की है। हालांकि, उसने इसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार किया है। हमास के प्रवक्ता ने कहा- अल-अक्सा मस्जिद के हमलावरों को बख्शा नहीं जा सकता। इजराइल पुलिस और फिलिस्तीनी लोगों के बीच अल-अक्सा मस्जिद में नमाज के दौरान झड़प की खबरें सामने आई हैं। मुस्लिमों और यहूदियों के बीच भी झड़प इजराइल में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लोग बड़ी तादाद में एयर शो देखने के लिए इकट्ठा हुए थे। इस दौरान कई इलाकों में मुस्लिमों और यहूदियों के बीच झड़प की खबरें सामने आई हैं।


जब पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो हाथापाई शुरू हो गई, जिसमें कुछ लोग घायल गए। इजराइल पर बीते 2 महीने में पांच आतंकी हमले

इजराइल पर बीते 2 महीने में पांच बड़े आतंकी हमले हो चुके हैं। एक महीने से पहले आतंकियों ने तेल अवीव पर हमला किया था। यहां के डीजेनगोफ स्ट्रीट पर भीड़- भाड़ वाले एक रेस्टोरेंट में बंदूक धारी ने गोलीबारी की थी। इस हमले में 2 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 10 लोग घायल हुए थे।



# लगातार बुली किए जाने पर भावुक हुईं उर्फी जावेद

अपने अतरंगी फैशन सेंस की वजह से चर्चा में छाई रहने वाली उर्फी जावेद एक बार फिर ट्रोलिंग से परेशान हैं। उन्होंने एक पोर्टल का स्क्रीनशॉट शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। बिग बॉस ओटीटी फेम और सोशल मीडिया सेंशेन उर्फी जावेद अपने स्टाइल और स्टेटमेंट्स की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। वह खुद पर ही कपड़ों के साथ अजीबोगरीब एक्सपेरिमेंट करती दिखाई देती हैं। हालांकि उसके लिए उनकी आलोचना भी होती रहती है। कुछ दिन पहले तो सुजैन खान की बहन फराह अली खान तक ने भी सोशल मीडिया पर उनके कपड़ों को लेकर बहुत कुछ कहा था। वैसे भी ट्रोल्स उनके बारे में उल्टा-पुल्टा लिखते ही रहते हैं। लेकिन हर बार वह सबको मुंहतोड़ जवाब भी दे देती हैं। उनके बारे में किसी पोर्टल ने भी कुछ ऐसा लिखा, जिसका स्क्रीनशॉट शेयर कर उन्होंने लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा और भावुक हो गईं। उर्फी के मुताबिक वह पोर्टल लगातार उनके फैशन स्टाइल की आलोचन कर रहा था। ऐसे में उन्होंने उस पोर्टल का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, तुम लोग बहुत ही बेकार हो। ये लोग लगातार मेरा मजाक बना रहे हैं। भद्दी बातें लिख रहे हैं। लेकिन ठीक है आप इंगेजमेंट बढ़ाने के लिए मेरा नाम इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं, दूसरी स्टोरी में उर्फी भावुक हो गईं। उन्होंने कि उनको कभी-कभी ऐसा लगता है कि गालियां, रेप की धमकी और लगातार बुलिंग से वह प्रभावित हो रही हैं। लगातार बुलिंग और ट्रोलिंग से मैं पागल हो गई हूं। मैं रोती हूं। बहुत रोती हूं लेकिन मुझे लगता है कि लाइफ ऐसे ही चलती रहती है। आपको बस अपना करना होगा, जो आपको नहीं समझते हैं, उनसे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। फिलहाल तो मैं ठीक हूं लेकिन आज ऐसा लग रहा है कि मैं अब नहीं कर पाउंगी। मुझे हार मानने का मन कर रहा है। ऐसा मेरे साथ बहुत बार होता है। नफरत, गालियां, ट्रोलिंग, बुलिंग, रेप थ्रेट्स, लाइफ थ्रेट्स, मतलब क्या नहीं होता।





# दिसंबर में सात फेरे लेंगे आथिया और केएल राहुल!

## बेटी की शादी की तैयारियों में जुटे सुनील शेट्टी

एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी आथिया शेट्टी भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल के साथ रिलेशनशिप में है। दोनों ने काफी समय कर अपने रिश्ते को छिपाकर रखा। फिल्म तड़प के प्रीमियर पर आथिया और केएल राहुल ने एक साथ एंट्री कर अपने रिश्ते पर मोहर लगा दी, जिसके बाद से दोनों की शादी की खबरें आ रही हैं। आथिया और केएल राहुल बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनील शेट्टी ने अपनी बेटी की शादी की तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनील अपनी बेटी की शादी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसी वजह से सुनील शेट्टी ने अभी से ही अपनी बेटी की शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुनील ने एक स्पेशल दिन के लिए अच्छे होटल, कैटरर्स और डिजाइनर भी बुक कर दिए हैं। ये अथिया की वेडिंग सेरेमनी वाला दिन ही होगा। आथिया और केएल राहुल दिसंबर में शादी करेंगे। दोनों का परिवार दक्षिण भारत से ताल्लुक रखता है और इसी वजह से दोनों की शादी भी दक्षिण भारतीय रीति-रिवाज से होगी। शादी जुहू के एक फाइव स्टार होटल में होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, आथिया और केएल राहुल शादी से पहले लिव-इन में रहने की तैयारी कर रहे हैं और दोनों ने घर भी खरीद दिया है। दोनों ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के घर वास्तु के पास एक बंगला लिया है, जिसमें दोनों जल्द ही शिफ्ट हो सकते हैं।

# ध्वनि भानुशाली हिट्ज़ म्यूज़िक के नए सिंगल डायनामाइट के साथ बनीं सुपरगर्ल



देश की पॉपुलर पॉप सिंगर ध्वनि भानुशाली ने हिट्ज़ म्यूज़िक पर आज अपना लेटेस्ट सिंगल डायनामाइट रिलीज किया। हाई ऑन बीट्स यह डांस ट्रैक म्यूजिक और विसुअल्स के मामले में दर्शकों को कुछ फ्रेश और नया देने का वादा करता है। इस कलरफुल म्यूजिक वीडियो को कोलिन डीकुन्हा ने डायरेक्ट किया है जो पंजाब के खूबसूरत लोकेशन्स पर सेट किया गया है। इस वीडियो में ध्वनि को एक मॉडर्न पंजाबी कुड़ी के रूप में दिखाया गया है, जो जानती है कि हर लड़की एक लड़के के बराबर है और यह गाने के पॉवरफुल लीरिक्स के जरिए सामने आता है। वहीं कुंवर जुनेजा द्वारा लिखित इस म्यूजिक वीडियो को गौरव दासगुप्ता ने कंपोज किया हैं, जिसमें ध्वनि पहली बार फुल स्वैग के साथ रैप करती दिखाई देंगी और जो फैन्स के लिए किसी ट्रीट से कमी नहीं होगा। रजित देव की कोरियोग्राफी और गाने के जबरदस्त बीट्स निश्चित रूप से हर दर्शक को ध्वनि के साथ-साथ इसकी धुन पर झूमने को मजबूर कर देंगे। इस वीडियो का आइडिया इस विचार के साथ आया कि क्या होगा अगर एक रेगुलर पंजाबी गर्ल को सुपरपावर्स मिल जाए? ध्वनि भानुशाली का डायनामाइट वास्तव में रंगों का धमाका और पंजाबी साउंड्स के साथ एक आम लड़की के जीत का सेलिब्रेश है। सिंगर ध्वनि भानुशाली कहती हैं, मेरे लिए डायनामाइट काम करने के लिए एक धमाका था। पंजाब में एक सुंदर वाइब है और मुझे वहां के लोगों की एनर्जी पसंद है। डायनामाइट मूल रूप से देसी है।




# अपनी आने वाली फिल्मों के लिए तैयारियों में जुटे टाइगर

बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ तीन एक्शन फिल्मों की तैयारी के लिए मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जिसके लिए उन्हें जबरदस्त फिटनेस और अपनी भूमिकाओं के अनुरूप शानदार बॉडी बनाने की आवश्यकता है। अपनी तैयारी के बारे में बोलते हुए टाइगर ने कहा, मैं वर्तमान में गणपत के लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प कार्यक्रम की तैयारी कर रहा हूं। इसके लिए मुझे अच्छी बॉडी बनाने की जरूरत है, जिसके लिए मैं अभी प्रशिक्षण ले रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, उसके बाद, हम रैम्बो की तैयारी करेंगे, जो गणपत में की जा रही चीजों से बहुत अलग है। और फिर, मैं अक्षय सर के साथ बड़े मियां, छोटे मियां में आऊंगा। तीन फिल्म परियोजनाओं के साथ, टाइगर श्रॉफ दर्शकों को आकर्षित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी आकर्षक मुस्कान और अद्भुत डांस मूव्स के लिए जाने जाने वाले टाइगर की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है।



# धोखेबाज में विवेक ओबेरॉय और त्रिधा चौधरी के साथ हुईं मेरी खास दोस्ती- सौरभ प्रजापति



बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय और त्रिधा चौधरी का लेटेस्ट म्यूजिक वीडियो धोखेबाज हाल ही रिलीज हुआ। इस गाने को कोरियोग्राफ सौरभ प्रजापति ने किया। गाने से जुड़े अपने अनुभव को साझा करते हुए सौरभ प्रजापति कहते है, धोखेबाज की खास बात यह है कि इस गाने के लिरिक्स जानी ने लिखे है और कंपोज भी उन्होंने ही किया है। वह मेरे फेवरेट हैं और मैं अफसाना खान के बारे में क्या कहूं, उनकी आवाज अद्भुत है। सौरभ कहते हैं, गाने को चेहरे के भावों और डांस की कलाओं से चित्रित किया जाना था। गाने में मैंने कथक, लावणी, मुजरा जैसे डांस स्टेप्स का इस्तेमाल किया है। गाने के टाइटल को लेकर सौरभ ने कहा, धोखेबाज अपने आप में एक पावरफुल टाइटल। यही कारण है कि दर्शक इस गाने की ओर आर्कषित होंगे। गाने में विवेक ओबेरॉय और त्रिधा चौधरी दोनों ही शानदार कलाकार है और मिलनसार भी है। मेरी उनसे खास दोस्ती हो गई है। उन्होंने मेरी कोरियोग्राफी की सराहना भी की। मुझे उन दोनों के साथ काम करके अच्छा लगा।

# खतरों के खिलाड़ी 12 में नजर आएंगी रुबीना



टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलैक स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 का हिस्सा बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नए सीजन में होस्ट रोहित शेट्टी और प्रतियोगी नए रोमांच और कुछ असाधारण स्टंट के लिए केप टाउन की ओर बढ़ेंगे। बिग बॉस 14 की विजेता रुबीना शो का हिस्सा बनने और चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित हैं, उन्होंने कहा, मैंने जीवन में कई बाधाओं को झेला है, जिसने मुझे मजबूत बनाया है और मैं खतरों के खिलाड़ी में आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि रोहित शेट्टी सर के मार्गदर्शन से, मैंने अपने लिए जो कुछ भी निर्धारित किया है, उससे अधिक हासिल कर सकूंगी। मेरे सभी प्रशंसकों को बहुत प्यार और मैं चाहती हूं कि वे इस नए प्रयास में मेरा समर्थन करें। पिछले सीजन में अर्जुन बिजलानी विजेता रहे थे और रुबीना को उम्मीद है कि वह इस सीजन में जीत हासिल करेंगी।



# ग्रीन साड़ी में जाह्नवी का स्टनिंग अवतार

धड़क गर्ल यानि एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपने ग्लैमरस और देसी अवतार से लोगों का दिल जीत लेती हैं। जाह्नवी कपूर ने भले ही कुछ ही फिल्में की लेकिन उन्होंने कम समय में बॉलीवुड में अपनी पहचान बना ली हैं। फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग दिखाने के अलावा जाह्नवी ने यह भी साबित कर दिया है कि वह एक फैशनिस्टा हैं। धड़क एक्ट्रेस समय-समय पर अपने सोशल मीडिया पर स्टनिंग तस्वीरें शेयर कर फैंस के दिलों पर छुरियां चलाती हैं। एक बार फिर जाह्नवी ने अपने साड़ी लुक से लोगों का चैन चुराया। लुक की बात करें तो जाह्नवी ग्रीन कलर की फ्लोरल प्रिंटेड साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं। मिनिमल मेकअप, कजरारे नैन जाह्नवी के लुक को चार-चांद लगा रहे हैं। एक्सेसरीज के लिए जान्हवी ने स्टेटमेंट ईयररिंग्स को चुना है।

# अक्षय कुमार ने सिनेमा में किए 30 साल पूरे

अभिनेता अक्षय कुमार ने हिंदी फिल्म उद्योग में 30 साल पूरे कर लिए हैं और यश राज फिल्म्स ने एक नया पृथ्वीराज पोस्टर बनाकर उनके इस उपलब्धि को शानदार तरीके से दिखाया है, जिसमें अभिनेता की हर एक फिल्म को दिखाया गया है। प्रोडक्शन हाउस द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में अक्षय को यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि यह मेरे दिमाग में भी नहीं आया कि यह गतिविधि सिनेमा में मेरे 30 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए हो रही है! यह शानदार है कि मेरी पहली फिल्म सौगंध को 30 साल बीत चुके हैं! मेरे फिल्मी करियर का पहला शॉट ऊटी में था और यह एक एक्शन शॉट था! इस भाव के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह वास्तव में खास है। अक्षय की अगली फिल्म पृथ्वीराज निडर और पराक्रमी सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन और वीरता पर आधारित है। वह उस महान योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं, जिसने आक्रमणकारी के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी। फिल्म का निर्देशन डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है, जो टेलीविजन महाकाव्य चाणक्य और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म पिंजर के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। मानुषी छिल्लर ने संयोगिता की भूमिका निभाई है। यह फिल्म 3 जून को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होने वाली है।

# ज्ञान के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में हाइब्रिड लर्निंग मॉडल




आर्किटेक्ट धीरज सल्होत्रा
(प्रधान अध्यापक)
ठाकुर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, मुंबई

दुनिया भर के संस्थानों और शिक्षा प्रणाली ने पूर्ण ऑफ़लाइन से ऑनलाइन मोड और बैक में परिवर्तन देखा है। हाइब्रिड लर्निंग मॉडल (एक मिश्रित मॉडल) की पूरी क्षमता की खोज की जानी बाकी है।

हाइब्रिड मॉडल का उद्भव, एक तरफ ऑनलाइन मोड का लाभ लेते हुए ऑफलाइन मोड की उपलब्धियों की सराहना करता है। एक हाइब्रिड मॉडल में संचार में आसानी, संसाधनों का साझाकरण/दस्तावेजीकरण/मूल्यांकन और रिपोर्ट तैयार करना, जबकि ऑफलाइन मोड के फायदे जो प्रत्यक्ष जुड़ाव, सामाजिक संपर्क, संज्ञानात्मक सीखने और सहकर्मी सीखने के साथ-साथ कौशल विकास को शामिल करते हैं।

ऑनलाइन सीखने की तकनीकों ने ज्ञान तक पहुंचने के लिए कई संसाधन खोले हैं। ये ऑनलाइन संसाधन ई-लाइब्रेरी, वर्चुअल क्लासरूम, वर्चुअल इंडस्ट्री विज़िट, लर्निंग टूल्स के लिए VR का उपयोग और सभी के लिए अनुभवात्मक सीखने की पहुंच,



ऑनलाइन MOOC सत्र, विशेषज्ञ वेबिनार, ऑनलाइन उत्पाद प्रदर्शनी आदि के रूप में खुले ज्ञान संसाधन हैं।

एक हाइब्रिड मॉडल को ऑफ़लाइन सीखने के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था होने के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन ऑफ़लाइन अभ्यास के प्रारूप के लिए एक सक्षम और सहायक होना चाहिए।

शैक्षणिक प्रणाली में एक आदर्श बदलाव करना जो ऑफ़लाइन या ऑनलाइन की अनुमति देता है, एक खतरनाक अभ्यास।

विशेषज्ञों के साथ वास्तविक बैठक, सुरक्षा किट पहनना और साइट पर उद्योग कोड का पालन करना, वर्चुअल प्लेटफॉर्म की गुणवत्ता के बावजूद ऑनलाइन तौर-तरीकों द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। ऑनसाइट दौरे के दौरान जिन चुनौतियों और स्थितियों का सामना करना पड़ता है वे विशुद्ध रूप से अनुभवात्मक और गुणात्मक रूप से अपूरणीय हैं। वास्तविक समय में लोगों के साथ अभिवादन और बातचीत करने और उन्हें प्रत्येक कार्य स्थल में सुरक्षा किट और गियर के साथ अपने कार्यों को करते हुए देखने का शिष्टाचार संगठन और सीमाओं की जमीनी वास्तविकताओं के कारण अद्वितीय है।

# अपने जन्मदिन के अवसर पर डॉ कृष्णा चौहान ने किया लीजेंड दादासाहेब फाल्के अवार्ड - 2022 का भव्य आयोजन

- एमएलए भारती लव्हेकर, एसीपी बाजीराव महाजन, इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर डॉ परिन सोमानी,
- अभिनेता मनोज जोशी, गजेंद्र चौहान, निर्देशक मेहुल कुमार, ब्राइट आउटडोर मीडिया के योगेश लखानी सहित कई हस्तियां हुई सम्मानित

भारतीय फिल्मों के पितामह दादासाहेब फाल्के जैसी महान हस्ती को श्रद्धांजलि पेश करने के लिए उनकी स्मृति में डॉ कृष्णा चौहान 'लीजेंड दादासाहेब फाल्के अवार्ड का भव्य आयोजन कई वर्षों से करते आ रहे हैं। अब तीसरे वर्ष कृष्णा चौहान फाउंडेशन द्वारा लीजेंड दादासाहेब फाल्के अवार्ड - 2022 का आयोजन 4 मई 2022, को अंधेरी मुम्बई के मेयर हॉल में आयोजित किया गया। 4 मई बड़ा ही विशेष दिन है, इसी दिन डॉ. कृष्णा चौहान का जन्मदिन भी है। स्टेज पर शानदार केक काटकर कृष्णा चौहान का जन्मदिन भी मनाया गया।डॉ. कृष्णा चौहान (संस्थापक, कृष्णा चौहान फाउंडेशन) तीन साल से लगातार इस महत्वपूर्ण अवार्ड फंक्शन का आयोजन कर रहे हैं। इस बार यह पुरस्कार समारोह पहले से बड़ा और बेहतर ढंग से हुआ। भारतीय फिल्मों और उसकी तरक्की में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को इस पुरस्कार से सम्मानित गया। इस बार भी काफी सारी हस्तियां इस समारोह में शामिल हुईं। अंधेरी वर्सोवा की एमएलए भारती लव्हेकर, पश्चिम रेलवे के एसीपी बाजीराव महाजन, इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर डॉ परिन सोमानी, निर्देशक मेहुल कुमार, ब्राइट आउटडोर मीडिया के योगेश लखानी सहित कई हस्तियां यहां मौजूद रहीं।बॉलीवुड सिंगर ऋतु पाठक ने यहां जलेबी बाई गीत सुनाया। एक्टर मनोज जोशी, अली खान, अरुण बख्शी, सुनील पाल, एहसान कुरैशी, टीनू वर्मा, आरती













तसवीर: मानस सोमपुरा

नागपाल, राजकुमार कनौजिया, श्याम लाल, गीतकार सुधाकर शर्मा, हरियाणवी गायक डीसी मदना जैसी हस्तियां भी यहां उपस्थित रहीं।निर्माता मुकेश गुप्ता, अभिनेता देव मेनारिया, गायक मंगेश, श्रीमती जीनत एहसान खुरेशी, प्रोड्यूसर अनुषा रंधावा और सुंदरी ठाकुर, आराधना सोलंकी सोशल वर्कर को लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड से नवाजा गया। सिद्धिविनायक ट्रॉफीज एंड गिफ्ट के ओनर गणेश पाचारणे, राजपाल जी पब्लिसिटी डिज़ाइनर को भी यहां अवार्ड मिला। ऐक्ट्रेस रूबी अहमद, रोज़ खान, मानवी त्रिपाठी, निर्मला त्रिपाठी, पीके को भी सम्मानित किया गया। डॉ परिन सोमनी को योगेश लखानी, एसीपी बाजीराव महाजनऔर कृष्णा चौहान ने ट्रॉफी दी। इस समारोह की एंकर रविका दुग्गल थीं जो एक अच्छी सिंगर भी हैं। बालिका सिया काले की परफॉर्मेंस को भी यहां लोगों ने काफी सराहा।कई पत्रकारों और फोटोग्राफर्स को भी लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2022 से नवाजा गया, उनमें अनिल अरोड़ा, संतोष साहू, पंकज पाण्डेय, सुंदर मोरे, दिलीप पटेल, गाज़ी मोइन, कालिदास पांडेय, शमा ईरानी, नवीन पांडेय, टिंकू चौहान, समीर खान, नेम सिंह, प्रवीण मखवाना, दिनेश गम्भा, केवल कुमार, जीतू सोमपुरा, फोटोग्राफर राजेश कोरिल और दिनेश परेशां का नाम उल्लेखनीय है। इसके गिफ्ट पार्टनर प्रेम गड़ा थे।उल्लेखनीय है कि डॉ कृष्णा चौहान न सिर्फ एक कामयाब फ़िल्म निर्देशक एवं समाज सेवक हैं बल्कि अवार्ड्स फंक्शन करने के मामले में सबसे अधिक सुर्खियों में रहने वाले पर्सनाल्टी माने जाते हैं। उनका एक अवार्ड फंक्शन सम्पन्न होता है और वह अपने अगले पुरस्कार समारोह की तैयारियों में लग जाते हैं। उन्होंने साल 2022 में मुम्बई के मेयर हॉल में 'बॉलीवुड आइकोनिक अवार्ड 2022' का सफल आयोजन किया। और फिर इन्होंने नारी शक्ति सम्मान 2022 का सफल आयोजन करके यह सिद्ध कर दिया है कि वह अवार्ड्स के शंहशाह हैं। इस अवसर पर बॉलीवुड की सेलिब्रिटीज़ तथा सोशल वर्क के लिए कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। कृष्णा चौहान फाउंडेशन (केसीएफ) के अंतर्गत कृष्णा चौहान कई अवार्ड्स शो का आयोजन करते आये हैं। केसीएफ के अंतर्गत बॉलीवुड लीजेंड अवॉर्ड, बॉलीवुड आइकोनिक अवॉर्ड, लीजेंड दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड और महात्मा गांधी रत्न अवार्ड का आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जाता रहा है। 4 मई 2022 को अपने जन्मदिन के अवसर पर डॉ कृष्णा चौहान ने लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2022 का भव्य आयोजन किया, जहां फिल्मी हस्तियों सहित कुछ सोशल वर्कर और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृष्णा चौहान की वेब फ़िल्म आत्मा डॉटकॉम का पोस्टर भी यहां सबके आकर्षण का केंद्र रहा।

# आरपीएफ ने "ऑपरेशन सतर्क"के तहत किए अच्छे कार्य

संवाददाता । मुंबई •आरपीएफ ने "ऑपरेशन सतर्क"के तहत 5 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2022 तक केंद्रित प्रयास कियेआरपीएफ ने 5 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2022 के दौरान अवैध तंबाकू उत्पादों के परिवहन के 26 मामलों का पता लगायाइसी अवधि के दौरान अवैध शराब परिवहन के 177 मामले पकड़े गए और 97 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गयी रेलवे सुरक्षा बल देश का एक सशस्त्र बल है, जिसे रेलवे संपत्ति, यात्री-क्षेत्र और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यह रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी सुरक्षा एजेंसी है, जो अखिल भारतीय स्तर पर मौजूद है।भारतीय रेल, राष्ट्र का प्राथमिक ट्रांसपोर्टर है, जिसकी कर चोरों, तस्करों, हथियार तस्करों, और देश विरोधी ताकतों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध वस्तुओं को ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने की संभावना बनी रहती है, ताकि वे अपने नापाक मंसूबों को अंजाम दे सकें। कर चोरी/तस्करी/अपराध /आतंक के कृत्यों को अंजाम देने के लिए अवैध शराब / एफआईसीएन / अवैध तंबाकू उत्पादों / बेहिसाब सोने / नकदी / कीमती वस्तुओं / अन्य वस्तुएं रेलवे नेटवर्क से परिवहन किये जाने पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल ने हाल ही में "ऑपरेशन सतर्क"शुरू किया था।"ऑपरेशन सतर्क"के तहत केंद्रित प्रयास 5 अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 तक जारी रहे, जिसमें अवैध तंबाकू उत्पाद परिवहन के 26 मामलों का पता चला। लगभग 44 लाख रुपये के तंबाकू उत्पादों को जब्त किया गया और 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अवैध शराब परिवहन के 177 मामलों में 97 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लगभग 18 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब की जब्ती की गई। कर चोरी के उद्देश्य से बेहिसाब सोने/चांदी के आभूषण और बेहिसाब नकदी रेल के माध्यम से ले जायी जाती है। आरपीएफ ने कर चोरी के ऐसे 23 मामलों का पता लगाया और संबंधित कर अधिकारियों को लगभग 2.60 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी/सोना/चांदी सौंप दी। रेल के माध्यम से तस्करी के मामलों में पहली जवाबी प्रतिक्रिया करने की अपनी जिम्मेदारी से अवगत होने के कारण, आरपीएफ ने ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई की और उपरोक्तअवधि के दौरान लगभग 3.18 करोड़ रुपये की तस्करी का सामान जब्त किया।देश के विभिन्न हिस्सों में अपराध करने या नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए कभी-कभी राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक ले जाया जाता है। आरपीएफ ऐसे तत्वों के मंसूबों को विफल करने के लिए "ऑपरेशन सतर्क"के तहत स्टेशनों, ट्रेनों और रेलवे क्षेत्र में गहन जांच कर रहा है। देश भर में इस तरह के प्रयास के दौरान, आरपीएफ ने 17 व्यक्तियों को पकड़ा गता और एक एके 47 राइफल, एक पाइप गन, एक डबल बैरल गन, एक पिस्तौल, 06 देशी पिस्तौल, 3 खंजर, 12 बोर गोला बारूद के 10 कारतूस, .315" बुलेट के 140 कारतूस, 7.62 मिमी बुलेट के 404 कारतूस और विभिन्न गोला बारूद के 9 कारतूस बरामद किए गए।

# मनपा आयुक्त ने मानसून पूर्व किया नालो की सफाई का निरीक्षण



संवाददाता । भाईदंर •आयुक्त दिलीप ढोले ने मानसून पूर्व नालो की सफाई का चल रहे कार्यरत स्थानों का किया दौरा कार्यो का स्वंय अवलोकन किए

गत 5 मई को मीरा भायंदर मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने प्री-मानसून स्वच्छता की समीक्षा के लिए बालकृष्ण उगाड़ी, गोल्डन नेस्ट, मीरा रोड स्टेशन रोड, शांतिनगर सेक्टर 4 व 5 का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उनके साथ मनपा अभियंता शिवाजी बरकुंड, उपायुक्त (जन स्वास्थ्य) रवि पवार, कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर, सहायक आयुक्त सचिन बछव, कनिष्ठ अभियंता और स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित थे. सबसे पहले आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शहर में जहां नाले बनाए गए हैं वहां अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए.सफाई निरीक्षकों को उन्होने निर्देश दिया कि जल निकासी/गटर की सफाई के बाद किनारे से निकाले जाने वाले कीचड़ को थोड़ा सूखने के बाद हटा दें. निर्माण विभाग को सड़क/नाला निर्माण के पास पड़े मलबे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए. जिन स्थानों पर कच्चे नालों की खुदाई एवं नालों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, उनकी सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। इस साल सफाई न करने के काम में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी ऐसा साफ आयुक्त ने निर्देश दिया।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: अज्ञात वाहन से टकराई कार, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

मथुरा के थाना नौहझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार की सुबह भीषण हादसा हो गया। माइलस्टोन 68 पर आगरा से नोएडा की तरफ जा रही वैगनआर कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन महिलाओं समेत सात की मौत हो गई। मृतकों में एक बच्चा भी है। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए गए हैं। शादी समारोह से लौटे रहे थे कार में लल्लू गौतम, उनके पुत्र राजेश, श्री गोपाल गौतम, संजय, संजय की पत्नी निशा, लल्लू की पत्नी छुटकी, राजेश की पत्नी नन्दनी, संजय के पुत्र धीरज और कृष सवार थे। ये लोग मूलरूप से हरदोई के संडीला क्षेत्र के गांव बहादुरपुर के रहने वाले थे। वहां शादी समारोह में गए थे। शनिवार की सुबह नोएडा वापस लौट रहे थे। सुबह करीब पांच बजे इनकी कार यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 68 के समीप अज्ञात वाहन से टकरा गई। तेज रफ्तार होने के कारण कार में सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हुए हैं। सड़क हादसे में लल्लू गौतम, संजय, संजय की पत्नी निशा, लल्लू की पत्नी छुटकी, राजेश, राजेश की पत्नी नन्दनी, संजय के पुत्र धीरज की मौत हो गई है।

# दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान को बेस्ट मीडिया पार्टनर अवार्ड से किया गया सम्मानित



मुंबई। केजेएम ड्रीम्ज एंटरटेनमेंट मिस एंड मिसेज इंडिया आईकॉनिक दिवा 2021 बेस्ट मीडिया पार्टनर अवार्ड से दै. मुंबई हलचल के संपादक श्री दिलशाद खान को श्रीमती कविता किशोर (केजेएम ड्रीम्ज एंटरटेनमेंट की संस्थापक और प्रबंध भागीदार) और श्री रेयांश शर्मा (केजेएम ड्रीम्ज एंटरटेनमेंट के पार्टनर) ने सम्मानित किया। बता दें कि केजेएम ड्रीम्ज एंटरटेनमेंट मिस एंड मिसेज इंडिया आईकॉनिक दिवा 2021

अवार्ड खूबसूरत शहर गोवा में आयोजित किया गया था। इस अवार्ड कार्यक्रम में भारत भर के प्रतियोगी ताज के लिए प्रतिस्पर्धा करने और सभी का दिल जीतने के लिए एक साथ आए।

कविता किशोर व रेयांश शर्मा ने दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों का खुलेदिल से तारीफ किये। वहीं दिलशाद खान ने कहा कि मिस एंड मिसेज इंडिया आईकॉनिक दिवा 2021

अवार्ड के लिए मीडिया पार्टनर के रूप में केजेएम ड्रीम्ज एंटरटेनमेंट के साथ जुड़ना सम्मान की बात है।

# मध्य रेलवे ने अपने टिकट चेकिंग स्टाफ को किया सम्मानित

गणेश पाण्डेय । मुंबई 27 टिकट चेकिंग स्टाफ को उनके उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्यालय से 5 भुसावल मंडल से 7 मुंबई मंडल से 5,पुणे मंडल से 4 और नागपुर और सोलापुर मंडल से 3-3 स्टाफ शामिल थे। अप्रैल-2021 से मार्च-2022 की अवधि के दौरान, मध्य रेल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने 35.39 लाख मामल पकड़े और जुर्माना के रूप में 214.41 करोड़ रुपये की वसूल किये। अनिल कुमार लाहोटी, महाप्रबंधक, मध्य रेल के मार्गदर्शन में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए यह परफॉर्मेंस सभी क्षेत्रीय रेलों और रेलवे के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक राजस्व है।जिन 27 टिकट चेकिंग स्टाफ को



सम्मानित किया गया है, उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अधिक योगदान दिया है।एक करोड़ से अधिक की टिकट चेकिंग आय का विवरण इन लोगो ने किया।• मोहम्मद सैम्स, टीटीआई, मुंबई मंडल रु. 1.25 करोड़, जे जे दर्बे, प्रधान टिकट परीक्षक, नागपुर मंडल रु.1.07 करोड़, अभिषेक सिन्हा, टीटीआई, मुंबई मंडल, रु.1.05 करोड़ धर्मेंद्र कुमार, टीटीआई, मुख्यालय, मुंबई रु.1.05 करोड़, के के पटेल, टीई, भुसावल मंडल, रु.1.03 करोड़ सुनील नैनानी, टीटीआई, मुंबई मंडल, 1.03 करोड़ इनके अलावा वित्त वर्ष 2021-2022 के दौरान 75 लाख रुपये से अधिक की आय करने वाले अन्य टिकट चेकिंग स्टाफ का योगदान भी उल्लेखनीय है।दो टिकट जांच कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के प्रदर्शन के प्रति एक अलग दृष्टिकोण दिखाने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया है जिनमे से राजेंद्र काटकर, मुख्य टीटीई, पुणे मंडल ने दिनांक 8.8.2021 को ट्रेन संख्या 01040 में ड्यूटी करते हुए 2 साल के बच्चे पर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) किया और उसकी जान बचाई।और एस के दुबे, मुख्य टिकट निरीक्षक, मुंबई मंडल ने ट्रेन संख्या 12294 दुरंतो एक्सप्रेस में बिना टिकट के लोगों के एक समूह का पकड़ा और 17,435 / - रुपये की राशि जुर्माना के रूप में वसूल की गई।इन सभी 27 कर्मचारियों को दिनांक 5.5.2022 को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में पीसीसीएम मणिजीत सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इति पांडे, सीसीएम (पीएस) दीपक शर्मा, एसीएम (आर एंड टीसी) और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह हिन्दी साप्ताहिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - दिलीप नानजीभाई पटेल द्वारा 403, बिल्डिंग नं.1, रोशन नगर, एस.आर.ए, सी.एच.एस. लि. नियर गणेश मंदिर, ओशिविरा जोगेश्वरी (प्र) मुंबई 400102 से मुद्रित कर एस.आर. पब्लिकेशन एवं प्रिंटींग प्रेस, गाला नं.8/9/10, नीयर घरातन पाड़ा ऑपोजिट रामेश्वरम बिल्डिंग, वैशाली नगर लास्ट बस स्टोप टाईटल फ्रंट, दहिसर (पूर्व), मुंबई 400068 से प्रकाशित किया गया है। संपादकः दिलीप नानजीभाई पटेल, उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा RNI No. MAHHIN/2020/78591 Mob: 7666090910 / 9574400445 Email : mumbaitarang@gmail.com / pateldilipuk2014@gmail.com वाद-विवाद का क्षेत्र मुंबई होगा।